www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:17 बजे
सूर्यास्त शाम 6:05 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

साल-1 • अंक-151 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • वीरवार 5 फरवरी 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

# राहुल-रवनीत में संसद के द्वार पर तंज और टकराव

## यहां एक गद्दार जा रहा है...देखिए चेहरा: गांधी

### टकराव की गवाही देती ये तस्वीर




समर न्यूज | नई दिल्ली

बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के चलते कार्यवाही स्थगित होने के बाद संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी बहस देखने को मिली। यह टकराव संसद के मकर द्वार के पास हुआ, जहां कांग्रेस सांसद आठ विपक्षी सदस्यों के निलंबन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे।

इसी दौरान वहां से गुजर रहे रवनीत सिंह बिट्टू ने प्रदर्शन कर रहे सांसदों पर तंज कसते हुए कहा, "ये कारगिल की जंग जीतकर आए हैं क्या?" इस पर राहुल गांधी ने उनकी ओर इशारा करते हुए कहा, "यहां एक गद्दार जा रहा है देखिए चेहरा।" इसके बाद उन्होंने हाथ मिलाने की पेशकश करते हुए कहा, "हैलो भाई, मेरे गद्दार दोस्त चिंता मत करो, तुम वापस आ जाओगे।"

बिट्टू ने हाथ मिलाने से इनकार कर दिया और पलटवार करते हुए कहा, "देश के दुश्मन"। कैमरे में कैप्चर हुई यह पूरी घटना जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और दोनों पक्षों की ओर से सियासी बयानबाजी तेज हो गई।

**निलंबन के विरोध के बीच बढ़ा विवाद**

यह घटना ऐसे समय हुई जब लोकसभा में आठ विपक्षी सांसदों के निलंबन को लेकर माहौल गरमाया हुआ था। बजट सत्र के दौरान भारी नारेबाजी के कारण सदन की कार्यवाही बुधवार को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। निलंबित सांसदों ने संसद के बाहर प्रदर्शन करते हुए "पीएम इज कम्प्रोमाइज्ड" लिखी तख्तियां भी थामी थीं। राहुल गांधी ने इससे पहले भारत–अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर मीडिया से बात करते हुए इसी तरह के आरोप लगाए थे।

निलंबित सांसदों में कांग्रेस के हिबी ईडन, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मणिकम टैगोर, गुरजीत सिंह औजला, प्रशांत यादवरो पाडोले, चामला किरण कुमार रेड्डी और डीन कुरियाकोस के अलावा सीपीआई(एम) सांसद एस. वेंकटेशन शामिल हैं।

## कांग्रेस के सांसद सड़क के गुंडे : रवनीत बिट्टू

समर न्यूज | नई दिल्ली



मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने संसद परिसर में हुई तनातनी के बाद कड़ा बयान देते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उन्हें "गद्दार" कहा और फिर हाथ मिलाने की कोशिश की, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। बिट्टू ने आरोप लगाया कि वे "सिखों के कातिल परिवार" से हाथ नहीं मिलाते और सिख समुदाय के अपमान के लिए गांधी परिवार जिम्मेदार है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने गांधी को देश का दुश्मन बताया। बिट्टू ने कहा कि राजनीति में शालीन भाषा का इस्तेमाल होना चाहिए। राहुल ने मर्यादा तोड़ी और गुंडागर्दी जैसा व्यवहार किया। बिट्टू ने और तीखा हमला करते हुए राहुल गांधी और कांग्रेस सांसदों को "सड़क का गुंडा" करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने उन्हें धक्का देने की कोशिश की और यह सब उस वक्त हुआ जब उन्होंने 2024 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा जॉइन की। बिट्टू ने यह भी कहा कि अन्य सांसदों को बीच-बचाव करना पड़ा ताकि मामला और न बिगड़े। राहुल गांधी और बिट्टू के बीच बयानबाजी यह पहली बार नहीं है। सितंबर 2024 में भी बिट्टू ने अमेरिका में सिख समुदाय को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी, जिससे दोनों के बीच सियासी टकराव खुलकर सामने आया था।

**मैं सिखों के कातिल परिवार से हाथ नहीं मिलाता**

बिट्टू ने आगे दावा किया कि यही वे लोग हैं जिनके दौर में पंजाब में हिंसा हुई और पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब पर गोलीबारी जैसी घटनाएं हुईं, जिनमें निर्दोष जानें गईं। उन्होंने कहा कि जब तक वे कांग्रेस में थे तब उन्हें शहीद का पोता कहा जाता था, लेकिन अब भारतीय जनता पार्टी में आने के बाद उन्हें गद्दार कहा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि उनके परिवार ने देश के लिए बलिदान दिए हैं और कांग्रेस पार्टी को राजीव गांधी के साथ जुड़े सिखों को "शहीद" कहे जाने पर आपत्ति होती है।

### असली गद्दार तो कांग्रेस है : मंत्री सिरसा



*दिल्ली के मंत्री **मनजिंदर सिंह सिरसा** ने राहुल गांधी की टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे एक सिख मंत्री के खिलाफ अपमानजनक बताया और लोकसभा अध्यक्ष से कार्रवाई की मांग की। दिल्ली के मंत्री ने राहुल गांधी को गद्दार कहा और बोला कि राहुल गांधी ने एक सिख मंत्री के खिलाफ जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया है, एक सिख सरदार को 'गद्दार' कहा है - मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। यह बेहद शर्मनाक है। अगर कोई गद्दार है, तो वह आप हैं, राहुल गांधी। सिख सरदार कभी गद्दार नहीं हो सकते। ऐसी मानसिकता को दर्शाते हुए और सिखों के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करना यह दर्शाता है कि कांग्रेस की मानसिकता आज तक नहीं बदली है। अगर कोई गद्दार है, तो वह गांधी परिवार है, जिसने श्री दरबार साहिब पर टैंकों से हमला किया, अकाल तख्त साहिब को नुकसान पहुंचाया और निर्दोष सिखों को जिंदा जला दिया।*



*भाजपा प्रवक्ता **जयवीर शेरगिल** ने X पर लिखा, 'केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू को गद्दार कहकर राहुल गांधी ने पूरे सिख समुदाय का अपमान किया है, अपनी अशिष्टता और अहंकार का प्रदर्शन किया है और एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे विपक्ष के नेता बनने के लायक नहीं हैं! गांधी, सिख राष्ट्र की सेवा और रक्षा करते आए हैं, आपके विपरीत जो सेना पर सवाल उठाते हैं, राष्ट्र को बदनाम करते हैं और चीन की गोद में बैठे रहते हैं! शर्मनाक और घृणित।*

*उधर, समाजवादी पार्टी के सांसद **आनंद भदौरिया** ने राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा कि भाजपा विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है।*

## उधमपुर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादी किए ढेर

एजेंसी | उधमपुर

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों के संयुक्त अभियान में दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया गया। यह कार्रवाई भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मिलकर की। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, आतंकवादियों को बसंतगढ़ क्षेत्र में एक भीषण मुठभेड़ के दौरान ढेर किया गया। यह अभियान खुफिया सूचना के आधार पर चलाया गया था, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।

**खुफिया इनपुट के बाद हुई कार्रवाई:** सूत्रों के अनुसार, रामनगर तहसील के जोपार–मार्ता गांव क्षेत्र में संदिग्ध आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। शाम करीब 4 बजे संपर्क स्थापित होने के बाद मुठभेड़ शुरू हुई।

अधिकारिक तौर पर ये बताया गया है कि जंगल वाले इलाके में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की, जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। हालात को देखते हुए अतिरिक्त बलों को मौके पर भेजा गया और किसी भी तरह की घुसपैठ या भागने की कोशिश को रोकने के लिए सभी रास्तों को सील कर दिया गया। इस अभियान की पुष्टि करते हुए व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट किया। खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए संयुक्त अभियान में CIF डेल्टा, व्हाइट नाइट कोर, जम्मू-कश्मीर पुलिस और CRPF के जवानों ने बसंतगढ़ इलाके में आतंकियों से संपर्क स्थापित किया। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और मुठभेड़ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि संयुक्त ऑपरेशन कई घंटों तक चला, जिसके दौरान सुरक्षाबलों ने इलाके की कड़ी घेराबंदी कर सघन तलाशी ली।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने मां के प्रेमी की हत्या कर दी

**बेलगावी** | कर्नाटक के बेलगावी जिले के बसाडोनी गांव के पास एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। एक युवक ने सड़क पर रोककर 51 वर्षीय व्यक्ति पर कथित तौर पर 16 बार चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने खुद पुलिस को फोन किया और मौके पर ही शव पर पैर रखकर खड़ा रहा, जब तक उसे गिरफ्तार नहीं किया गया। पुलिस के अनुसार, यह हमला दस साल पुराने विवाद का नतीजा था। पूछताछ में आरोपी ने दावा किया कि मृतक कभी उसकी मां के साथ चला गया था और हाल ही में इलाके में लौटने पर उसने बदला लेने की योजना बनाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

### ममता बनर्जी पहली बार खुद पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली** | पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट पहुँचीं और राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती दी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया के जरिए वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं और विपक्ष-शासित राज्यों को निशाना बनाया जा रहा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष बनर्जी ने कहा कि लाखों नाम "तार्किक विसंगतियों" के आधार पर चिह्नित किए गए हैं। कोर्ट ने आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और अगली सुनवाई सोमवार तय की है।

### मुंबई–पुणे एक्सप्रेसवे पर गैस टैंकर पलटा

**मुंबई** | मुंबई–पुणे एक्सप्रेसवे पर गैस टैंकर के पलटने के बाद 18 घंटे बीत जाने के बावजूद यातायात बहाल नहीं हो सका है। दोनों दिशाओं में करीब 12 किलोमीटर लंबा जाम लगा है और हजारों वाहन फंसे हुए हैं। हादसे के बाद रातभर लोग सड़क पर अटके रहे, जहां यात्रियों—खासतौर पर महिलाओं और बच्चों—को खाने-पानी और शौचालय की परेशानी झेलनी पड़ी। अधिकारियों के अनुसार टैंकर से ज्वलनशील प्रोपलीन गैस अब भी रिस रही है, जिसके चलते राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, SDRF और भारत पेट्रोलियम की टीमें मौके पर राहत और सुरक्षा अभियान चला रही हैं।

### सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिर्पोटर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

## अनिल अंबानी ग्रुप से जुड़े बैंकिंग फ्रॉड की जांच को ED बनाए SIT: सुप्रीम कोर्ट

समर न्यूज | नई दिल्ली



उद्योगपति अनिल अंबानी और उनके समूह की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती दिख रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कथित बड़े पैमाने के बैंकिंग और कॉर्पोरेट फ्रॉड मामलों में अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप, अनिल अंबानी और उनसे जुड़ी कंपनियों की निष्पक्ष व तेज जांच के निर्देश दिए हैं। शीर्ष अदालत ने सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ED) से अब तक हुई प्रगति पर चार सप्ताह के भीतर नई स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने एजेंसियों से जांच में तेजी लाने पर जोर दिया। वरिष्ठ अधिकारियों वाली

**SIT गठित करने का आदेश**

कोर्ट ने कहा कि शुरुआती जांच में ही काफी समय लग चुका है। इसी को देखते हुए पीठ ने ED को निर्देश दिया कि वह वरिष्ठ अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम बनाकर मामले की पड़ताल करे। इसके साथ ही अदालत ने अनिल अंबानी और ADAG की ओर से पेश वरिष्ठ वकीलों मुकुल रोहतगी और श्याम दीवान को जनहित याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

**विदेश यात्रा पर रोक की मांग का विरोध**

अनिल अंबानी के वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत में उस याचिका का विरोध किया, जिसमें उनके मुवक्किल को देश छोड़ने से रोकने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अनिल अंबानी अदालत की अनुमति के बिना भारत से बाहर नहीं जाएंगे। वहीं जांच एजेंसियों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि संबंधित लोगों के विदेश जाने से रोकने के लिए पहले ही लुकआउट सर्कुलर जारी किए जा चुके हैं।

**पहले भी मांगी जा चुकी है सीलबंद रिपोर्ट**

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने CBI और ED को मामले में सीलबंद लिफाफे में स्थिति रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। 18 नवंबर को अदालत ने जनहित याचिका पर केंद्र सरकार, CBI, ED, अनिल अंबानी और ADAG को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया था।

## डील में किसान हित सर्वोपरि: पीयूष गोयल



समर न्यूज | नई दिल्ली

कृषि भारत–अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर उठी चिंताओं के बीच केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में कहा कि कृषि और डेयरी क्षेत्र पूरी तरह संरक्षित हैं। अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रूक रॉलिन्स के बयान के बाद किसान संगठनों ने आशंकाएं जताई थीं। गोयल ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं होने दिया। उन्होंने बताया कि मुख्य कृषि उत्पादों को रियायतों से बाहर रखा गया है और टैरिफ कटौती केवल गैर-संवेदनशील क्षेत्रों तक सीमित है, जिससे रोजगार बढ़ेगा और किसान सुरक्षित रहेंगे।

## मोहाली रोड प्रोजेक्ट पर हाईकोर्ट सख्त

# 251 पेड़ों की कटाई पर कोर्ट खफा, गमाडा से मांगा जवाब



**■ रोड सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट और वैकल्पिक डिजाइन, अंडरपास जैसे समाधान पर चर्चा**

**मोहाली** | पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने मोहाली में प्रस्तावित सड़क परियोजना के तहत सैकड़ों पेड़ों की कटाई पर गंभीर आपत्ति जताई है। अदालत ने राज्य सरकार और ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) से न केवल परियोजना की जरूरत को लेकर जवाब मांगा, बल्कि प्रतिपूरक वृक्षारोपण योजना को भी अपर्याप्त बताया।

मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति संजीव बेरी की पीठ पीआर-7 एयरपोर्ट रोड कॉरिडोर पर तीन प्रमुख चौराहों सेक्टर 67-68-60-79-80, सेक्टर 68-69-78-79 और सोहाना जंक्शन को रोटरी में बदलने के प्रस्ताव पर सुनवाई कर रही है। यह मामला जनहित याचिका के जरिए अदालत पहुंचा है। सरकार और गमाडा ने दलील दी कि बढ़ते ट्रैफिक, जाम और दुर्घटनाओं को देखते हुए सिग्नल वाले चौराहों को रोटरी में बदला जा रहा है। उनके अनुसार परियोजना के लिए कुल 251 पेड़ हटाने होंगे, जिनमें 57 पहले ही कट चुके हैं। इसके अलावा 15 "हेरिटेज" पेड़ों की पहचान की गई थी, जिनमें से 6 हटाए जा चुके हैं और 9 अभी मौजूद हैं। याचिकाकर्ताओं ने इन दावों को चुनौती देते हुए कहा कि जिस रोड सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट का हवाला दिया जा रहा है, उसमें तीनों चौराहों पर रोटरी बनाने की स्पष्ट सिफारिश नहीं है। उनका आरोप है कि पहले डिजाइन तय किया गया और बाद में औपचारिक तौर पर सुरक्षा ऑडिट कराया गया। उन्होंने यह भी बताया कि मीडियन में हल्का बदलाव कर कम से कम 6 हेरिटेज पेड़ों को बचाया जा सकता था। प्रतिपूरक वनीकरण को लेकर सरकार ने कहा कि नीति के तहत काटे गए पेड़ों से पांच गुना अधिक करीब 1,255 नए पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की जमीन या जरूरत पड़ने पर मुल्लांपुर के वन क्षेत्र का इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि शहरी इलाकों में हरियाली बढ़ाने के बजाय मौजूदा वनों में पौधे लगाना नीति की मूल भावना के विपरीत है।

### फ्लाईओवर पर मास्टर प्लान के तहत प्रतिबंध: सरकार

*सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी पूछा कि क्या अंडरपास जैसे वैकल्पिक समाधान अपनाकर बड़े पैमाने पर पेड़ कटाई से बचा जा सकता था। सरकारी पक्ष ने जवाब दिया कि फ्लाईओवर पर मास्टर प्लान के तहत प्रतिबंध हैं, हालांकि अंडरपास पर स्पष्ट रोक नहीं है, लेकिन मौजूदा योजना में इसकी परिकल्पना नहीं की गई थी। खंडपीठ ने संकेत दिया कि असली मुद्दा सतत विकास और अनावश्यक पेड़ कटाई को रोकने के लिए प्रभावी तंत्र तैयार करना है। अदालत को बताया गया कि जनहित याचिका और निरीक्षणों के बाद अब कम से कम छह हेरिटेज पेड़ों को बचाया जा सकता है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि यदि अब यह संभव है तो योजना बनाते समय ऐसे सुरक्षा उपाय पहले क्यों नहीं किए गए। मामले की अगली सुनवाई में अदालत से यह तय करने की उम्मीद है कि परियोजना को किस रूप में आगे बढ़ाया जाए और पर्यावरण संरक्षण के लिए कौन-से अतिरिक्त निर्देश जारी किए जाएं।*

## पेज 1 एंकर स्टोरी

### मैं थोड़ा अजीब किस्म का इंसान हूं, पर अच्छा श्रोता हूं : एमएस धोनी

# कमेंट्री मुश्किल कला, फोन पर बात करना असहज करता है

समर न्यूज | चंडीगढ़



पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने साफ कर दिया है कि फिलहाल उनका कमेंट्री बॉक्स में जाने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने इसे एक "मुश्किल कला" बताते हुए कहा कि इसमें खेल का वर्णन करते हुए खिलाड़ियों की आलोचना से बचना बेहद संतुलन वाला काम होता है और यह हर किसी के लिए आसान नहीं होता।

44 वर्षीय धोनी, जो 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब सिर्फ आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते नजर आते हैं, उन्होंने एक यूट्यूब बातचीत में कहा कि कमेंट्री करते वक्त खिलाड़ियों पर टिप्पणी करते समय बेहद सावधानी रखनी पड़ती है।

उन्होंने कहा,"कमेंट्री बहुत कठिन होती है। खेल का वर्णन करते-करते कब आप किसी खिलाड़ी की आलोचना के दायरे में चले जाएं, पता ही नहीं चलता। अगर टीम हार रही है तो उसके पीछे वजहें होती हैं, लेकिन उन वजहों को इस तरह बताना कि किसी को बुरा न लगे, यही असली कला है।"

**आंकड़े याद रखना मेरी ताकत नहीं**

धोनी ने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें आंकड़े याद रखने में दिक्कत होती है, जो कमेंट्री के लिए अहम माने जाते हैं। उन्होंने कहा,"मैं आंकड़ों में उतना अच्छा नहीं हूं। कई लोग सिर्फ भारतीय टीम ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के खिलाड़ियों के आंकड़े याद रखते हैं। अगर आप मुझसे मेरे ही रिकॉर्ड पूछ लें, तो मैं सोच में पड़ जाऊंगा।"

**अच्छा श्रोता हूं, सलाह कम ही लेता हूं**

अपने शांत स्वभाव के लिए मशहूर धोनी ने बताया कि वह बोलने से ज्यादा सुनना पसंद करते हैं। उनके मुताबिक, "मैं अच्छा श्रोता हूं। जिन लोगों के साथ सहज होता हूं, उनसे बात करता हूं, लेकिन अगर किसी विषय के बारे में ज्यादा नहीं जानता तो चुप रहकर सुनना पसंद करता हूं।" उन्होंने कहा कि सलाह हमेशा सीधे नहीं मांगी जाती, बल्कि बातचीत के दौरान खुद-ब-खुद बहुत कुछ सीखने को मिल जाता है, बस यह समझ होना चाहिए कि आपके लिए क्या सबसे सही है।

**फोन पर बात करना अब भी मुश्किल**

मुस्कुराते हुए धोनी ने यह भी कबूल किया कि फोन पर बातचीत करना आज भी उन्हें असहज करता है। उन्होंने कहा,"मुझे आमने-सामने बैठकर बात करना अच्छा लगता है। फोन पर सामने वाला दिखाई नहीं देता, इसलिए मैं थोड़ा अजीब महसूस करता हूं। इस मामले में मैं आज भी कमजोर हूं, और शायद अच्छा ही है कि ज्यादा नहीं सुधरा," उन्होंने मजाक में जोड़ा। धोनी ने मोबाइल फोन को लेकर भी चुटकी ली और कहा, "शुरुआत में मोबाइल लोगों की सहूलियत के लिए बने थे, अब ऐसा लगता है कि आपका फोन मेरे फायदे के लिए है।"

# तीन नाबालिग बहनों ने इमारत से कूदकर दी जान

## तीनों पढ़ाई पर नहीं दे रही थी ध्यान, पुलिस जांच में सामने आए चौंकाने वाले खुलासे


समर न्यूज़ | गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां 16, 14 और 12 वर्ष की तीन नाबालिग बहनों ने एक हाई-राइज इमारत की नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि तीनों एक ऑनलाइन कोरियन टास्क-आधारित गेम की गंभीर लत में फंसी हुई थीं।

घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। तीनों लड़कियां अपने पिता—जो पेशे से फॉरेक्स ट्रेडर हैं और अपनी-अपनी माताओं के साथ रहती थीं। सबसे बड़ी बेटी पिता की पहली पत्नी से थी, जबकि छोटी दो बेटियां दूसरी पत्नी से थीं।

सहायक पुलिस आयुक्त अतुल कुमार सिंह के अनुसार, रात करीब 12:30 बजे तीनों अपनी-अपनी माताओं के साथ थीं। कुछ समय बाद वे पूजा कक्ष में गईं और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद एक कुर्सी की मदद से खिड़की तक पहुंचीं और बारी-बारी से नीचे कूद गईं। नीचे मौजूद सुरक्षा गार्ड और स्थानीय लोगों ने तेज आवाज सुनी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर ही तीनों की मौत हो गई और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए।






नाबालिग बच्चों का पिता। - समर न्यूज़

जांच में पता चला है कि तीनों बहनें एक ऑनलाइन कोरियन गेम से अत्यधिक प्रभावित थीं। पुलिस का कहना है कि वे खुद को भारतीय की बजाय कोरियन मानने लगी थीं। उनकी एक डायरी में खुद को "कोरियन प्रिंसेस" बताते हुए चित्र बनाए गए थे, साथ ही माफी मांगते और रोते हुए स्केच भी मिले हैं।

पुलिस के अनुसार, तीनों पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे रही थीं। हैरानी की बात यह है कि 16 वर्षीय लड़की अभी भी कक्षा 4 में पढ़ रही थी। यह बदलाव कोविड-19 महामारी के बाद देखने को मिला, जब बच्चों का मोबाइल और स्क्रीन इस्तेमाल काफी बढ़ गया था। परिवार को उनकी मोबाइल-लत का अंदाजा था और कई बार फोन छीने भी गए, लेकिन वे किसी तरह दोबारा हासिल कर लेती थीं।

जांच में यह भी सामने आया है कि तीनों का रोजमर्रा का जीवन पूरी तरह आपस में जुड़ा हुआ था वे एक साथ उठतीं, खाना खातीं और यहां तक कि बाथरूम भी साथ जाती थीं। उनकी डायरी में इस सामूहिक जीवनशैली और गेम-केंद्रित सोच का विस्तार से जिक्र है।

यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि डिजिटल लत के खतरों को लेकर समाज के लिए बड़ा अलार्म है। बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखना, उनसे खुलकर बात करना और समय रहते मानसिक सहायता दिलाना बेहद जरूरी है।

अगर आप या आपके आसपास कोई व्यक्ति मानसिक तनाव या आत्मघाती विचारों से जूझ रहा है, तो मदद उपलब्ध है: सुमैत्री (दिल्ली): 011-23389090, स्नेहा फाउंडेशन (चेन्नई): 044-24640050

# रंगदारी मामले में दो आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

समर न्यूज़ | जालंधर

नकोदर पुलिस ने एक सुनियोजित गोलीबारी की वारदात को नाकाम करते हुए रंगदारी और फायरिंग के मामलों में शामिल दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई 4 फरवरी 2026 को विशेष खुफिया सूचना के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पहले एक स्थानीय कारोबारी से करोड़ों रुपये की फिरौती मांगी थी और भुगतान न होने पर कार्यालय के बाहर फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की थी।

शिकायतकर्ता मनीष बख्शी ने नवंबर 2025 में बताया था कि उसे विदेशी नंबरों से कॉल कर खुद को गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और रोहित गोधरा गिरोह का सदस्य बताने वालों ने 5 करोड़ की मांग की। इस पर नकोदर सिटी थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। जनवरी 2026 में दोबारा धमकियां और फायरिंग की सूचना मिलने के बाद नया मामला दर्ज हुआ। मामले की गंभीरता देखते हुए हरविंदर सिंह विर्क के निर्देश पर विशेष टीमों का गठन किया गया, जिसकी निगरानी डीएसपी ओंकार सिंह बराड़ और इंद्रजीत सिंह सैनी ने की। आज मिली सूचना पर पुलिस ने शकरपुर लिंक रोड पर नाकाबंदी की, जहां बाइक सवार दो संदिग्धों ने रुकने के बजाय पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों को काबू कर लिया गया।





पुलिस घटनास्थल की जांच करती हुई। - समर न्यूज़

मुठभेड़ में आरोपी अंकित कुमार को गोली लगी, जबकि हरिंदर गुप्ता के पैर में फ्रैक्चर हुआ। दोनों को हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने उनके पास से .30 बोर पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए।

अंकित मूल रूप से सीतामढ़ी जिले का रहने वाला है, जबकि हरिंदर गोरखपुर से संबंध रखता है। दोनों फिलहाल लुधियाना में रह रहे थे और पहले से दर्ज मामलों में नामजद थे। पुलिस का कहना है कि आगे की जांच जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बेटे की पिटाई से दुखी पिता ने की आत्महत्या, चार पर केस दर्ज

समर न्यूज़ | गुरदासपुर



पंजाब के गुरदासपुर शहर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां पड़ोसियों द्वारा बेटे की पिटाई और कथित तौर पर बेइज्जती किए जाने से आहत होकर एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान के आधार पर चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना मोहल्ला ओंकार नगर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा चालक लव गली में खड़ी गाड़ियों के कारण अपना वाहन निकालने की कोशिश कर रहा था। जगह कम होने पर वह शादी वाले घर में गाड़ियां हटाने को कहने गया, जिस पर वहां मौजूद कुछ लोगों ने उसकी कथित तौर पर पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान उसके पिता राजिंदर कुमार बीच-बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन आरोप है कि उनके सामने ही बेटे को पीटा गया और दोनों को अपमानित किया गया। बताया जाता है कि इस सदमे के बाद राजिंदर कुमार ने घर जाकर जहरीली दवा खा ली। बेटे की पिटाई का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है।

मृतक की पत्नी नीरू के बयान पर पुलिस ने पड़ोसी परिवार के चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच अधिकारी जय मसीह ने बताया कि केवल वर्मा, राजकुमार, सचिन और रोबिन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### अलग-अलग इलाकों में वारदातों से हड़कंप

# नई दिल्ली में एक ही दिन तीन हत्याएं

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

राजधानी में तीन अलग-अलग इलाकों में हुई हत्याओं ने शहर को हिलाकर रख दिया। पहली घटना कनॉट प्लेस इलाके की रही, जहां पानी मांगने पर हुए विवाद के बाद एक कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। दूसरी वारदात गुलाबी बाग में सामने आई, जहां एक नाबालिग ने रेलवे कर्मचारी पर जानलेवा हमला किया। तीसरा मामला पांडव नगर का है, जहां तीन किशोरों ने चाकू मारकर एक युवक की जान ले ली।

**कनॉट प्लेस मामला:** हेलमेट से हमला, कारोबारी की मौत पुलिस के अनुसार पश्चिम विहार निवासी 36 वर्षीय कारोबारी शिवम गुप्ता 2 जनवरी की रात दोस्त के साथ पार्टी से लौट रहे थे। राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के पास उन्होंने एक फूड-डिलीवरी एजेंट से पानी मांगा, जिस पर कहासुनी हो गई। आरोप है कि एजेंट ने हेलमेट से सिर पर वार किया और उसके दो साथियों ने लात-घूंसे मारे। बेहोशी की हालत में शिवम को पहले लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया, फिर राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। कई दिन इलाज के बाद 19 जनवरी को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और मामला भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में दर्ज किया गया है।

**गुलाबी बाग:** नाबालिग के हमले में रेलवे कर्मचारी की हत्या दूसरी घटना में रेलवे कर्मचारी संदीप कुमार मालवीय 25 जनवरी से लापता थे। बाद में उनका शव एक किराए के कमरे में मिला, जिस पर गंभीर चोटों के निशान थे। सीसीटीवी फुटेज और यूपीआई ट्रांजैक्शन की जांच के बाद एक नाबालिग को गाजियाबाद से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने दावा किया कि कथित यौन उत्पीड़न की कोशिश के बाद उसने गैस सिलेंडर से हमला किया और कांच के टुकड़े से गला काट दिया।

**पांडव नगर:** तीन नाबालिगों ने युवक पर चाकू से हमला किया इधर, दिल्ली के पांडव नगर इलाके में मंगलवार को तीन नाबालिगों ने एक 22 साल के युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोप है कि मृतक युवक ने दिन में एक नाबालिग पर हमला किया था। अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना सोमवार रात करीब 8.15 बजे पीसीआर कॉल से मिली। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले घायल को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया जा चुका था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान अरुण राज के रूप में हुई है और प्रारंभिक जांच में उसके शरीर पर कई जगह चाकू के घाव मिले हैं। पुलिस की एक टीम ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिससे संदिग्धों की पहचान हुई। इसके बाद दिल्ली के अलग-अलग से तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना पुरानी दुश्मनी के कारण हुई।

# पंजाब सखी शक्ति मेला 5 फरवरी को

जगदीश | नवांशहर, समर न्यूज़

पंजाब सखी शक्ति मेला 5 फरवरी वीरवार से नवांशहर के सरकारी आईटीआई ग्राउंड में शुरू होगा। शनिवार तक लगने वाले इस मेले का प्रबंधन एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (डेवलपमेंट) अवनीत कौर के हाथ है।मेले का उद्घाटन डिप्टी कमिश्नर गुलप्रीत सिंह औलख करेंगे। मेला रूरल डेवलपमेंट एंड पंचायत डिपार्टमेंट, पंजाब और इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स डिपार्टमेंट की तरफ से पंजाब स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन के तहत लगाया जा रहा है। घर की सजावट का सामान, हैंडीक्राफ्ट और ऑर्गेनिक प्रोडक्ट, घर के मसाले और अचार, झूले, कल्चरल प्रोग्राम और खाने-पीने के स्टॉल खास आकर्षण का केंद्र होंगे। सेल्फ हेल्प ग्रुप्स द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट्स की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, ताकि उनके प्रोडक्ट्स की बेहतर मार्केटिंग के साथ प्रोडक्ट्स को बिक्री के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म मिल सके।

# बरनाला में फर्जी वीजा ठगी गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार



समर न्यूज़ | बरनाला

बरनाला जिले की साइबर सेल टीम ने पाकिस्तान और दुबई में बैठे सहयोगियों के साथ मिलकर फर्जी वीजा और नकली विदेशी नंबरों के जरिए ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। डीएसपी सतबीर सिंह बैंस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शिकायतकर्ता आत्मा सिंह की एफआईआर पर कार्रवाई करते हुए फिरोजपुर निवासी लवदीप सिंह, मलकीत सिंह, लखविंदर सिंह और सुखप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी भोले-भाले लोगों को बैंक खाते खुलवाने का लालच देते थे और फिर नकली विदेशी नंबरों से खुद को रिश्तेदार या वीजा एजेंट बताकर कॉल करते थे। पीड़ितों को गुमराह कर उनके खातों में पैसे डलवाए जाते और बाद में निकासी कर ली जाती थी। यह गिरोह पंजाब के अलावा अन्य राज्यों में भी सक्रिय था। तकनीकी जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी मलकीत सिंह हाल ही में मेक्सिको से डिपोर्ट होकर आया था और उसके संपर्क पाकिस्तान व संयुक्त अरब अमीरात में बैठे लोगों से जुड़े थे। पुलिस अब बैंक खातों और अंतरराष्ट्रीय कड़ियों की पड़ताल कर रही है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर विमानों की हल्की टक्कर

## ग्राउंड मूवमेंट के दौरान विंगटिप टकराए, यात्रियों को सुरक्षित उतारकर जांच शुरू



समर न्यूज़ | मुंबई

छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर एयर इंडिया और इंडिगो के दो विमानों के बीच जमीन पर हल्की टक्कर हो गई। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, यह घटना ग्राउंड मूवमेंट के दौरान हुई, जब एयर इंडिया की फ्लाइट AI 2732 और इंडिगो की फ्लाइट 6E 791 के विंगटिप्स आपस में छू गए। एयर इंडिया की उड़ान मुंबई से कोयंबटूर जाने वाली थी और टेकऑफ की प्रतीक्षा में स्थिर खड़ी थी, जबकि इंडिगो की फ्लाइट हैदराबाद से आने के बाद टैक्सी कर रही थी।

इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि टैक्सी करते समय उसके विमान का विंगटिप दूसरे एयरलाइन के विमान से टकरा गया। एहतियातन यात्रियों को उतार लिया गया और विमान की तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है। एयर इंडिया ने भी पुष्टि की कि उसके विमान को नुकसान हुआ है और सुरक्षा के मद्देनजर उसे ग्राउंड कर दिया गया है। यात्रियों के लिए वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था की जा रही है।

हवाई अड्डा प्रबंधन के अनुसार, संचालन सामान्य रहा, हालांकि प्रभावित उड़ानों में मामूली देरी दर्ज की गई। मामले की जांच संबंधित विमानन एजेंसियां कर रही हैं।

# नशा तस्करी से जुड़े चार व्यक्ति 5 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार

समर न्यूज़ | अमृतसर



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत पंजाब को नशा-मुक्त बनाने की मुहिम के दौरान काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर ने सीमा पार से संचालित एक बड़े ड्रग-तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए गौरव यादव ने बताया कि कार्रवाई में चार आरोपियों—सुखचैन सिंह उर्फ मनी, नवदीप सिंह, सुखपाल सिंह और आकाशदीप सिंह—को गिरफ्तार किया गया है, जो सभी अमृतसर जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से 5 किलो हेरोइन के साथ-साथ दो मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं, जिनका इस्तेमाल नशीले पदार्थों की ढुलाई के लिए किया जा रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सीधे तौर पर पाकिस्तान स्थित तस्करों से संपर्क में थे, जो ड्रोन के जरिए सीमा पार से हेरोइन की खेप भेज रहे थे। डीजीपी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर सदा गांव के पास बाईपास रोड पर नाकाबंदी कर चारों को रोका गया और खेप बरामद की गई। नेटवर्क के आगे-पीछे के संपर्कों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। इस मामले में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# भट्ठल ने अकाली दल में जाने की अफवाहों को बताया झूठा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



सोशल मीडिया पर शिरोमणि अकाली दल में शामिल होने की चर्चाओं पर पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्ठल ने साफ कहा कि ये पूरी तरह बेबुनियाद हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि वह पहले भी कांग्रेस में थीं, आज भी हैं और आगे भी उसी में रहेंगी। भट्ठल ने कहा कि वायरल दावे सिर्फ ध्यान खींचने के लिए फैलाए जा रहे हैं। उन्होंने हालिया बयान को भी गलत तरीके से पेश किए जाने की बात कही और स्पष्ट किया कि वह राज्य की स्थिति पर सरकार का ध्यान दिलाने के लिए था।

# पादरी बजिंदर सिंह की मदद के आरोप में जेल कर्मचारी गिरफ्तार

समर न्यूज़ | मानसा



बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पादरी बजिंदर सिंह से जेल के भीतर मोबाइल फोन और नकदी बरामद होने के प्रकरण में एक जेल कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक मानसा जेल के हवलदार निरपाल सिंह को पादरी की मदद करने और जेल में मोबाइल पहुंचाने के आरोप में पकड़ा गया है।

बताया गया है कि 24 जून को मानसा जेल में बंद बजिंदर सिंह के पास से एक मोबाइल फोन और नकदी बरामद हुई थी, जिसके बाद जांच तेज की गई। निरपाल सिंह फिलहाल बरनाला जेल में तैनात था, जिसे मानसा पुलिस ने हिरासत में लिया। गौरतलब है कि 1 अप्रैल 2025 को अदालत ने बजिंदर सिंह को बलात्कार के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी और एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। उसके खिलाफ 2018 में जीरकपुर थाना में बलात्कार, मारपीट और धमकी देने के आरोप दर्ज हुए थे।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि जेल के भीतर प्रतिबंधित सामान कैसे पहुंचाया गया और इसमें और कौन-कौन शामिल हो सकता है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# ड्रोन सिस्टम ने 4 किलो हेरोइन से भरे ड्रोन को किया बेअसर



समर न्यूज़ | तरनतारन

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चल रही मुहिम के तहत पंजाब पुलिस को सीमा पार ड्रग तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। तरनतारन में पुलिस और बी.एस.एफ. के संयुक्त अभियान में 'बाज अख' एंटी-ड्रोन सिस्टम की मदद से 3.925 किलो हेरोइन से भरा ड्रोन बरामद किया गया। यह कार्रवाई बॉर्डर आउटपोस्ट कालियां के पास खेतों में की गई।

इस बारे में जानकारी देते हुए गौरव यादव ने बताया कि तस्करी के इस प्रयास के पीछे पाकिस्तान स्थित हैंडलरों की भूमिका की जांच की जा रही है। सप्लाई रूट, स्थानीय संपर्कों और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए विस्तृत पड़ताल चल रही है।

एसएसपी सुरेंद्र लांबा के अनुसार, ड्रोन की गतिविधि का पता लगते ही बीएसएफ को सूचित किया गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया, जिसके दौरान डीजेआई मैट्रिस ड्रोन और हेरोइन की खेप बरामद हुई। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि यह मादक पदार्थ किन लोगों को पहुंचाया जाना था।

मामले में थाना वल्टोहा में एनडीपीएस एक्ट और भारतीय वायुयान अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

**नई योजनाएं**

### यूएलबी में तेज मंजूरियां और मिशन-मोड विकास पर जोर

# चंडीगढ़ में मंत्री संजीव अरोड़ा ने गिनाए शहरी सुधार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के स्थानीय निकाय, उद्योग एवं वाणिज्य, बिजली तथा निवेश प्रोत्साहन संबंधी कैबिनेट मंत्री संजिव अरोड़ा ने कहा है कि राज्य सरकार ने शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में प्रशासनिक, वित्तीय और संरचनात्मक सुधार लागू कर दिए हैं, ताकि विकास परियोजनाओं पर समयबद्ध निर्णय, पारदर्शिता और निर्बाध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रस्तावों और मंजूरियों में देरी के कारण शहरी विकास प्रभावित हो रहा था, जिसे दूर करने के लिए दैनिक निगरानी, सख्त समय-सीमाएं और विकेंद्रीकृत निर्णय व्यवस्था अपनाई गई है।

मंत्री अरोड़ा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार ने लंबित मामलों को निपटाने पर विशेष ध्यान दिया है। बीते तीन हफ्तों में 1,100 लंबित प्रस्तावों में से 900 को मंजूरी दी जा चुकी है, जिनमें कुछ 2018 से अटके हुए थे। शेष मामलों के भी जल्द निपटारे का भरोसा दिया गया है।



जानकारी देते हुए मंत्री। - समर न्यूज़

प्रक्रिया को संस्थागत बनाने के लिए 1 फरवरी 2026 से 'ई-निगम' सॉफ्टवेयर लागू कर दिया गया है, जिससे सभी यूएलबी में प्रस्तावों की ऑनलाइन प्रोसेसिंग होगी। इससे दस्तावेजी कार्यवाही घटेगी और ट्रैसेबिलिटी व जवाबदेही बढ़ेगी। साथ ही फील्ड स्तर पर वित्तीय शक्तियां बढ़ाते हुए सुपरिटेंडिंग इंजीनियरों को 2 करोड़ रुपये तक और मुख्य इंजीनियरों को 10 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को मंजूरी देने का अधिकार दिया गया है।

इंजीनियरिंग ढांचे को तर्कसंगत बनाते हुए राज्य को छह क्षेत्रों—अमृतसर, बठिंडा, फिरोजपुर, जालंधर, लुधियाना और पटियाला—में पुनर्गठित किया गया है। प्रत्येक क्षेत्र में मुख्य इंजीनियर, प्रति क्षेत्र सुपरिटेंडिंग इंजीनियर और प्रति जिले सब-डिविजनल इंजीनियर तैनात किए गए हैं, ताकि निगरानी मजबूत हो और परियोजनाओं की गति बढ़े।

सीवर लाइनों की सफाई के लिए रेट कॉन्ट्रैक्ट के तहत 161 निकायों में काम पूरा हो चुका है, जबकि प्रमुख नगर निगमों के लिए टेंडर अंतिम चरण में हैं। जल आपूर्ति और सीवरेज ढांचे को मजबूत करने के लिए नई योजनाओं के तहत वाटर और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं तथा सैकड़ों सीवर सफाई मशीनें खरीदी गई हैं।

मंत्री अरोड़ा ने कहा कि ये कदम पंजाब में शहरी शासन में व्यापक बदलाव का संकेत हैं और सरकार का फोकस तेज डिलीवरी, वित्तीय अनुशासन और नागरिक सेवाओं में ठोस सुधार पर बना हुआ है।

# दक्षिण कोरिया में पंजाबी युवक की हत्या, गांव लौटने वाला था नत्था

समर न्यूज़ | राजपुरा



दक्षिण कोरिया में 29 जनवरी की रात एक दर्दनाक वारदात में पंजाब के राजपुरा क्षेत्र से जुड़े एक युवक की कथित तौर पर लूट की नीयत से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान नत्था सिंह (45) के रूप में हुई है, जो पिछले करीब दस वर्षों से वहां एक फैक्ट्री में काम कर रहा था और अगले महीने भारत लौटने की तैयारी में था।

परिवार के मुताबिक, नत्था सिंह के घर में मरम्मत का काम चल रहा था और वे छुट्टी लेकर वापस आने वाले थे। हाल ही में उन्हें कोरिया से सूचना मिली कि किसी अन्य पंजाबी युवक ने कथित तौर पर उनके घर में घुसकर लूट की कोशिश की, हत्या कर दी और बाद में मकान में आग भी लगा दी। मृतक के चाचा ने बताया कि आरोपी की पहचान पातड़ां क्षेत्र के रहने वाले बजाज के रूप में की जा रही है, जिसने सोने के गहनों को देखकर वारदात को अंजाम दिया। नत्था सिंह अपने पीछे पत्नी कुलविंदर कौर, दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गए हैं। परिवार के सदस्य अंतिम संस्कार के लिए दक्षिण कोरिया रवाना होंगे, जबकि गांव में उनकी अंतिम अरदास आयोजित की जाएगी। इस घटना से इलाके में शोक की लहर है और विदेश में रह रहे प्रवासी पंजाबियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है।

# मोबाइल और सोशल मीडिया से बढ़ रही मानसिक अशांति

समर न्यूज़ | लुधियाना

आज की तेज रफ्तार और भागदौड़ भरी जिंदगी में शांति और सुकून के दो पल निकालना किसी चुनौती से कम नहीं है। काम का दबाव, समय की कमी और मोबाइल-सोशल मीडिया की बढ़ती लत के कारण लोग चाहकर भी मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या में शामिल नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में मेडिटेशन क्या है, इसका महत्व क्या है और व्यस्त जीवन में इसे कैसे अपनाया जा सकता है-इन सभी विषयों पर माउंट आबू स्थित ब्रह्मकुमारीज से जुड़े आरजे राजेश ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी का युग है और लगभग हर व्यक्ति के हाथ में मोबाइल फोन है। लोग किताबें पढ़ने की बजाय सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताना पसंद कर रहे हैं, जिससे मानसिक अशांति और एकाग्रता की कमी बढ़ रही है।

हस्ताक्षर



पायल मोहिंद्रा

उन्होंने बताया कि वे पिछले 12 वर्षों से रेडियो के माध्यम से लोगों को ईश्वर से जुड़ने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके दो रेडियो कार्यक्रम नियमित रूप से प्रसारित होते हैं, जिनका उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि लोगों को सुनी गई बातों को अपने वास्तविक जीवन में उतारने के लिए प्रेरित करना है। वे विशेष रूप से युवाओं को ध्यान में रखकर ऐसे विषयों पर चर्चा करते हैं जो उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दें।

आरजे राजेश ने बताया कि ब्रह्मकुमारीज संस्था का मुख्य उद्देश्य यह है कि गृहस्थ जीवन जी रहे लोग भी ईश्वर की अनुभूति कर सकें और आध्यात्मिक जीवन को अपनाकर संतुलित जीवन जी सकें। इसके लिए उन्हें राजयोग के गुण सिखाए जाते हैं। उन्होंने सरल और सहज भाषा में राजयोग का महत्व समझाते हुए कहा कि राजयोग कोई कठिन साधना नहीं, बल्कि एक सरल, प्रभावशाली और व्यावहारिक आध्यात्मिक मार्ग है। इसमें किसी विशेष आसन या शारीरिक अभ्यास की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि विचारों और आत्म-स्मृति के माध्यम से मन को परम शांति से जोड़ा जाता है।

उन्होंने बताया कि राजयोग का सबसे बड़ा महत्व यह है कि यह व्यक्ति को मैं शरीर नहीं, आत्मा हूं की अनुभूति कराता है। जब मनुष्य आत्म-चेतना में स्थित होता है, तो क्रोध, तनाव, भय और नकारात्मक भावनाएं स्वतः कम होने लगती हैं। इससे मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्थिरता विकसित होती है। आज के भागदौड़ भरे जीवन में राजयोग तनाव प्रबंधन का एक प्रभावी साधन है। नियमित अभ्यास से एकाग्रता बढ़ती है, निर्णय क्षमता मजबूत होती है और आत्म-विश्वास में वृद्धि होती है। यह विद्यार्थी, गृहस्थ और व्यवसायी हर वर्ग के लिए उपयोगी है। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि करियर या जीवन से जुड़े किसी भी बड़े निर्णय से पहले गहराई से सोच-विचार करना चाहिए। यदि किसी निर्णय पर एक साल भी विचार करना पड़े, तो समय लेकर सही निर्णय लेना बेहतर है। अंत में उन्होंने कहा कि बुजुर्गों और बच्चों के साथ समान रूप से धैर्य रखना चाहिए। जैसे बच्चों की बातों को समझदारी से लिया जाता है, वैसे ही बुजुर्गों की बातों को भी सुनकर उन्हें सम्मान और आश्वासन देना चाहिए।



# हरियाणा की टैबलेट योजना जमीनी हकीकत में लड़खड़ाई, हजारों टैबलेट पड़े बेकार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा सरकार द्वारा टैबलेट के माध्यम से डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई योजना ज़मीनी स्तर पर गंभीर चुनौतियों का सामना करती नज़र आ रही है।

करनाल और कैथल ज़िलों के कई सरकारी स्कूलों में वाई-फाई कनेक्टिविटी की कमी, सिम कार्ड की अनुपलब्धता, तकनीकी खामियों और संचालन सहयोग के अभाव के चलते छात्रों को वितरित किए गए अधिकांश टैबलेट वापस ले लिए गए हैं या उपयोग से बाहर हो गए हैं। शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को टैबलेट उपलब्ध कराना था, ताकि वे डिजिटल शैक्षणिक सामग्री तक पहुंच बना सकें और अपनी पढ़ाई को अधिक प्रभावी बना सकें। यह योजना 5 मई 2022 को रोहतक में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा शुरू की गई थी।

योजना के तहत छात्रों को पहले से डिजिटल कंटेंट से लैस टैबलेट और प्रतिदिन 2 जीबी मुफ्त डाटा के साथ सक्रिय सिम कार्ड देने का प्रावधान था। इसके ज़रिए छात्र वीडियो लेक्चर, डिजिटल पाठ्यपुस्तकें और ऑनलाइन असाइनमेंट देख सकते थे।

राज्यभर में लगभग पांच लाख टैबलेट वितरित किए गए थे। हालांकि, सूत्रों के अनुसार पिछले सात से आठ महीनों से कई सरकारी



स्कूलों में न तो टैबलेट के लिए सिम कार्ड उपलब्ध कराए गए और न ही वाई-फाई कनेक्शन की व्यवस्था की गई। नतीजतन, योजना अपने उद्देश्य से भटकती हुई दिखाई दे रही है।

कनेक्टिविटी की समस्या के अलावा टैबलेट में तकनीकी खामियां भी सामने आई हैं। कई टैबलेट या तो पूरी तरह काम नहीं कर रहे हैं या उनकी स्क्रीन खराब हो चुकी है। बैटरी की कमजोर कार्यक्षमता के कारण भी ये उपकरण नियमित शैक्षणिक उपयोग के योग्य नहीं रह गए हैं।

आंकड़ों के अनुसार, करनाल जिले में कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों और शिक्षकों को लगभग 32 हजार टैबलेट वितरित किए गए थे। इनमें से करीब 23 हजार टैबलेट ही कार्यरत पाए गए, जबकि शेष टैबलेट स्क्रीन खराब होने या बैटरी संबंधी समस्याओं के कारण अनुपयोगी हो गए हैं।

वहीं, कैथल जिले में छात्रों और शिक्षकों को करीब 27 हजार टैबलेट दिए गए, जिनमें से लगभग 20 हजार ही काम करने की स्थिति में हैं। शेष उपकरण तकनीकी खराबी या बैटरी संबंधी दिक्कतों के चलते बेकार पड़े हैं। शिक्षकों और स्कूल अधिकारियों ने पुष्टि की है कि इंटरनेट सुविधाओं की कमी के कारण टैबलेट का अपेक्षित उपयोग नहीं हो सका। इसके चलते हजारों टैबलेट अब स्कूलों की अलमारियों में धूल फांक रहे हैं और कक्षाएं एक बार फिर पारंपरिक चॉक-बोर्ड आधारित पढ़ाई पर लौटने को मजबूर हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अधिकांश सरकारी स्कूलों में वाई-फाई कनेक्शन नहीं है, जिससे डिजिटल कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं। कुछ स्कूलों में शिक्षक अपने निजी मोबाइल डाटा का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन छात्रों को नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

# गांव में रहकर संवारी किस्मत

## पंचगव्य से बनीं आत्मनिर्भर महिला उद्यमी

एजेंसी | संभल

गांव बनियाखेड़ा, जनपद संभल की अनुपमा सिंह ने यह साबित कर दिया कि सही सोच, प्रशिक्षण और सामूहिक सहयोग से गांव में रहकर भी आत्मनिर्भर बना जा सकता है। मास्टर ऑफ सोशल वर्क की डिग्री हासिल करने के बाद जहां अधिकांश युवा रोजगार के लिए शहरों का रुख करते हैं, वहीं अनुपमा सिंह ने अपने गांव में ही रहकर उद्यम की राह चुनी और आज वे सालाना करीब ढाई लाख रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। अनुपमा सिंह जानकी महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं तो उनके जीवन की दिशा ही बदल गई। समूह की साप्ताहिक बैठकों, कम ब्याज पर ऋण सुविधा और आपसी सहयोग ने उन्हें आत्मविश्वास दिया। स्वयं सहायता समूह से पहला ऋण लेकर उन्होंने पंचगव्य आधारित



उत्पादों का निर्माण शुरू किया। समय पर ऋण चुकाने और नियमित बचत की आदत ने धीरे-धीरे उनके छोटे प्रयास को एक सशक्त उद्यम में बदल दिया।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अनुपमा ने घर पर ही गोबर से मूर्तियां, दीपक, अगरबत्ती, दीवार घड़ी, चौकी, मोबाइल स्टैंड सहित कई उत्पाद बनाना शुरू किया। इसके साथ ही उन्होंने हर्बल गुलाल का निर्माण कर बाजार में उपलब्ध केमिकल युक्त रंगों का सुरक्षित विकल्प भी प्रस्तुत किया। उनके उत्पादों को गांव और आसपास के क्षेत्रों में अच्छी पहचान मिली और मेलों व स्थानीय बाजारों से ऑर्डर आने लगे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मिले प्रशिक्षण से उन्हें प्रोसेसिंग और पैकेजिंग की आधुनिक तकनीकों की जानकारी मिली, जिससे उत्पादों की गुणवत्ता और मांग दोनों में वृद्धि हुई। आज उनके बनाए गो आधारित उत्पाद गांव और कस्बों में लोकप्रिय हो चुके हैं। अनुपमा सिंह न केवल स्वयं हर महीने लगभग 20 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं, बल्कि अपने समूह की अन्य महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध करा रही हैं।

# यूनानी चिकित्सा की पढ़ाई अब हिंदी में भी

एजेंसी | भोपाल

मध्य प्रदेश में एलोपैथी के बाद अब यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई भी हिंदी में कराने की पहल की गई है। इसके तहत आयुष विभाग ने यूनानी चिकित्सा की उर्दू पुस्तकों का हिंदी में अनुवाद कराया है। इससे छात्रों को अपनी मातृभाषा में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी। स्नातक स्तर के बीयूएमएस (बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी) प्रथम वर्ष में कुल सात विषय हैं। इनमें से पांच विषयों की पुस्तकों का हिंदी अनुवाद पूरा हो चुका है। शेष दो विषयों की पुस्तकें उर्दू और अरबी भाषा में हैं, जिन पर भी कार्य किया जा रहा है।

एनाटॉमी (शरीर रचना विज्ञान) और फिजियोलॉजी (शरीर क्रिया विज्ञान) की पुस्तकों का अनुवाद पहले ही चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा कराया जा चुका है। चूंकि यूनानी चिकित्सा पद्धति का पाठ्यक्रम भी इन्हीं विषयों



में समान है, इसलिए उन्हीं पुस्तकों का उपयोग यूनानी पाठ्यक्रम में किया जाएगा। गौरतलब है कि एमबीबीएस पाठ्यक्रम की पढ़ाई, पुस्तकें और परीक्षाएं हिंदी में कराने की पहल भी सबसे पहले मध्य प्रदेश में ही की गई थी।

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) भी चिकित्सा शिक्षा को हिंदी में उपलब्ध कराने के पक्ष में है और आयोग द्वारा हिंदी में पाठ्यक्रम भी तैयार किया गया है।

इधर, मेडिकल यूनिवर्सिटी भी उर्दू और अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में प्रश्न पत्र तैयार कर रही है। अभी तक यूनानी चिकित्सा महाविद्यालयों में कक्षाएं हिंदी-उर्दू में संचालित होती थीं, लेकिन अध्ययन सामग्री केवल उर्दू भाषा में उपलब्ध थी। आयुष विभाग के अनुसार जुलाई में नए सत्र की शुरुआत से पहले हिंदी अनूदित पुस्तकों का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

# ट्रेड डील में जीएम फसल आयात पर रोक

## कुछ आयात शुल्कों में मिल सकती है राहत

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर निर्यातकों ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका में जेनेटिकली मोडिफाइड (जीएम) सोयाबीन और मक्के का व्यापक उत्पादन और बिक्री होती है। जीएम उत्पाद होने के कारण भारत सरकार इन दोनों कृषि उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं देगी। निर्यातकों का कहना है कि भारत ने हाल ही में ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया है, जिसमें वाइन के आयात पर शुल्क में राहत दी गई है। इसी तर्ज पर अमेरिका से भी अल्कोहल के आयात पर शुल्क में छूट दी जा सकती है।

इसके अलावा, ओलिव ऑयल पर भी आयात शुल्क कम होने की संभावना जताई जा रही है। व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि किसी



भी मुक्त व्यापार समझौते में दोनों पक्षों को अपने व्यापार विस्तार का अवसर देना आवश्यक होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने एक्स पोस्ट में भारत में शून्य शुल्क पर सामान भेजने की बात कही है। हालांकि, जिन वस्तुओं के आयात से भारत की घरेलू मैन्यूफैक्चरिंग पर असर पड़ सकता है, उनका अमेरिका बड़े पैमाने पर उत्पादन या निर्यात नहीं करता।

अमेरिका मुख्य रूप से हाईटेक उत्पादों, हवाई जहाजों, रक्षा उपकरणों और ऑटोमोबाइल्स का उत्पादन व निर्यात करता है। भारत पहले ही अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा चुका है और इसे आगे और बढ़ाया जा सकता है। बोआर ग्रुप एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर (इंडिया) अनुज गुप्ता का कहना है कि भारत-अमेरिका और भारत-ईयू के बीच होने वाले व्यापार समझौतों से चावल किसानों को निर्यात बढ़ाने में बड़ी मदद मिलेगी। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटमों के पार्ट्स और बिजली के उपकरण यदि शून्य शुल्क पर आयात किए जाते हैं, तो इससे स्मार्टफोन के साथ-साथ बिजली के उपकरणों की कीमतों में भी कमी आने की संभावना है।

# सिंगापुर में भारतीय पर्यटकों का रिकॉर्ड

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

सिंगापुर पर्यटन बोर्ड (एसटीबी) द्वारा जारी ताज़ा आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 भारतीय पर्यटकों के लिहाज से सिंगापुर के लिए रिकॉर्ड वर्ष साबित हुआ है। बीते वर्ष भारत से 12 लाख से अधिक पर्यटकों ने सिंगापुर का दौरा किया, जो 2024 की तुलना में लगभग एक प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। एसटीबी के क्षेत्रीय निदेशक मार्कस टैन ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2025 सिंगापुर के लिए एक मील का पत्थर रहा। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे हुए। टैन के अनुसार, दस लाख से अधिक भारतीय पर्यटकों का आगमन भारतीय बाजार के सिंगापुर पर मजबूत और अटूट विश्वास को दर्शाता है। भारतीय पर्यटकों की संख्या में इजाफे के साथ-साथ पर्यटन से होने वाली आय में भी बड़ा उछाल दर्ज किया है।

# बुलेट ट्रेन रूट पर पालघर में दूसरी सुरंग भी तैयार

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की बड़ी उपलब्धि

एजेंसी | मुंबई

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में दूसरी पर्वतीय सुरंग के सफल निर्माण के साथ एक अहम उपलब्धि हासिल की है। यह भारत की पहली हाई-स्पीड रेल परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। बुधवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस उपलब्धि की घोषणा करते हुए परियोजना की तेज प्रगति पर संतोष जताया।

मीडिया से बातचीत में रेल मंत्री ने कहा कि पूरा देश हाई-स्पीड रेल परियोजना की प्रगति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में यह परियोजना अंतर-शहरी यात्रा में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी और भारत के आधुनिक रेल बुनियादी ढांचे को नई मजबूती देगी। वैष्णव ने कहा



कि परियोजना की रफ्तार ने देश में नया आत्मविश्वास पैदा किया है और इसके नवोन्मेषी निर्माण कार्य और तकनीक को वैश्विक स्तर पर सराहना मिल रही है।

रेल मंत्री ने बताया कि पालघर जिले में एक महीने के भीतर दूसरी पर्वतीय सुरंग का निर्माण पूरा किया जाना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि स्टेशन और पुलों का निर्माण भी उन्नत चरण में है। साथ ही केंद्रीय बजट में घोषित रेलवे के व्यापक विकास कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए बताया कि देश में सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर प्रस्तावित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई उपनगरीय नेटवर्क के लिए 16,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जबकि महाराष्ट्र के लिए रेलवे का कुल बजट 23,926 करोड़ रुपये रखा गया है।

रेलवे मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, यह पर्वतीय सुरंग 454 मीटर लंबी और 14.4 मीटर चौड़ी है, जिसमें बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए अप और डाउन दोनों ट्रैक बिछाए जाएंगे। यह पालघर जिले में एक महीने के भीतर पूरी की गई दूसरी पर्वतीय सुरंग है। इससे पहले 2 जनवरी को सफाले के पास एमटी-5 सुरंग का निर्माण पूरा किया गया था।

रेलवे मंत्रालय के मुताबिक, एमटी-6 पर्वतीय सुरंग का निर्माण अत्याधुनिक ड्रिल-एंड-कंट्रोल्ड ब्लास्ट तकनीक और न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) का उपयोग करते हुए दोनों सिरों से किया गया है। पूरी खुदाई 12 महीनों के भीतर पूरी होने की उम्मीद है।

इंजीनियरिंग के लिहाज से यह उपलब्धि खास मानी जा रही है, क्योंकि सुरंग के दोनों सिरों से खुदाई कर रही टीमें जब पहाड़ के बीच केंद्र बिंदु पर मिलती हैं, तो एक निरंतर और सटीक मार्ग का निर्माण संभव हो पाता है।

# Good DAY

समर न्यूज़ | लुधियाना

आपका आज का दिन शांति, ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरा हो यही कामना है। नई सुबह नई उम्मीदें लेकर आती है और हर दिन हमें खुद को बेहतर बनाने का एक और अवसर देती है। बीते कल की चिंताओं को पीछे छोड़कर आज को पूरे विश्वास और मुस्कान के साथ अपनाइए। जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को महसूस करें, अपनों के साथ बिताया गया हर पल संजोएं और अपने लक्ष्य की ओर एक छोटा सा कदम जरूर बढ़ाएं। याद रखिए, सफलता एक दिन में नहीं मिलती, लेकिन हर दिन की मेहनत उसे करीब जरूर लाती है। आज अपने मन को शांत रखें,



विचारों को सकारात्मक दिशा दें और अपने काम में पूरी ईमानदारी रखें। जो मिला है उसके लिए आभार जताइए और जो पाना है उसके लिए निरंतर प्रयास करते रहिए। ईश्वर करे आज आपके प्रयास सफल हों, स्वास्थ्य उत्तम रहे और चेहरे पर संतोष की मुस्कान बनी रहे। आपका दिन शुभ, सुखद और प्रेरणादायक हो। आपका दिन मंगलमय हो।

**वकील, पारस शर्मा**
**भाजपा के वार्ड नंबर 68 इंचार्ज**

पेज 3 एंकर स्टोरी

## सहयोग बढ़ाने को तैयार चीन : राजदूत शू फेइहोंग

# भारत-चीन द्विपक्षीय व्यापार 2025 में रिकॉर्ड 155 अरब डॉलर

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने मंगलवार को कहा कि वर्ष 2025 में भारत-चीन द्विपक्षीय व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचकर 155 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि चीन, भारत के साथ सहयोगी साझेदार के रूप में बनी सहमति को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

चीनी नववर्ष के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए शू फेइहोंग ने कहा कि चीन और भारत एक-दूसरे के सहयोगी साझेदार हैं। हम अपनी पारंपरिक



संस्कृतियों से प्रेरणा लेते हुए इस महत्वपूर्ण सहमति को बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार हैं।

### मोदी-शी बैठक से रिश्तों में सुधार

राजदूत ने अगस्त 2024 में तियानजिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि इस बैठक से द्विपक्षीय संबंधों में नए स्तर का सुधार देखने को मिला। उन्होंने कहा, "यह बैठक भारत-चीन संबंधों को 'रीसेट और नई शुरुआत' से आगे बढ़ाकर सुधार के एक नए स्तर पर ले गई, जिसमें लोगों के बीच संपर्क भी बढ़ा है। जून 2020 में गलवान घाटी में हुए हिंसक सैन्य संघर्ष के बाद भारत-चीन संबंधों में गंभीर तनाव आ गया था। हालांकि, अक्टूबर 2024 में सैन्य गतिरोध समाप्त होने के बाद दोनों देशों ने संबंधों को सामान्य करने के लिए कई कदम उठाए हैं। हाल के महीनों में उच्चस्तरीय संवाद और आर्थिक सहयोग में तेजी आई है, जिससे द्विपक्षीय रिश्तों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। गी।

### 12 फीसदी से अधिक की सालाना बढ़ोतरी

राजदूत ने बताया कि 2025 में दोनों देशों के बीच व्यापार में साल-दर-साल आधार पर 12 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि भारत का चीन को निर्यात 9.7 प्रतिशत बढ़ा है, जो दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग की व्यापक संभावनाओं को दर्शाता है।

शू फेइहोंग ने कहा कि चीन की आत्मनिर्भरता पर जोर देने की नीति भारत की 'आत्मनिर्भर भारत' रणनीति से मेल खाती है। उन्होंने बताया कि चीन, भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता का समर्थन करता है और नई दिल्ली के साथ बहुपक्षीय मंचों पर समन्वय मजबूत करने को तैयार है।

साथ ही, चीन वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) के विकास को आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# घरेलू सहायक ने लाखों की ज्वेलरी चोरी की

समर न्यूज़ | गुरुग्राम



आरोपी नागेंद्र। - समर न्यूज़

गुरुग्राम में लाखों रुपये की ज्वेलरी और नकदी चोरी करने वाले घरेलू सहायक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने डीएलएफ फेज-2 स्थित एक घर से चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार, 30 जनवरी की रात परिवार के दिल्ली जाने के दौरान आरोपी ने घर में रखी कीमती ज्वेलरी और नकदी पर हाथ साफ किया और फरार हो गया। मामले की जांच के बाद थाना पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को इफको चौक के पास से दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान नागेंद्र, निवासी मधुबनी बिहार के रूप में हुई है। वह करीब दो महीने पहले ही गुरुग्राम में घरेलू सहायक के रूप में काम करने आया था। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी पहले भी दिल्ली में एक घर में काम करते हुए चोरी की वारदात कर चुका है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया पूरा सामान बरामद कर लिया है। बरामदगी में 6 सोने की चेन, एक मंगलसूत्र, एक लॉकेट, एक कड़ा, तीन अंगूठियां, सात लग्जरी घड़ियां और करीब 1.25 लाख रुपये नकद शामिल हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उसने इससे पहले और कहां-कहां चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।

# पत्नी की हत्या समझकर जेल गया पति, 6 साल बाद पत्नी मिली जिंदा

## हत्या के आरोप में पति ने करीब छह साल तक जेल में सजा काटी

समर न्यूज़ | फरीदाबाद

जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां पत्नी की हत्या के आरोप में पति ने करीब छह साल तक जेल में सजा काटी, लेकिन बाद में महिला जीवित मिली। इस खुलासे के बाद पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया और अदालत ने हत्या की जगह हत्या के प्रयास की धाराओं में आरोपी को दोषी ठहराया।

मामले में आरोपी मुकेश उर्फ मनोज को अदालत ने छह साल की सजा सुनाई।

हालांकि, वह पहले ही छह साल से अधिक समय जेल में काट चुका था, इसलिए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ज्योति लांबा की अदालत ने सजा को अंडरगोन मानते हुए 13 हजार रुपये का जुर्माना लगाकर उसकी रिहाई के आदेश दिए।

नई दिल्ली निवासी मलखान ने सराय ख्वाजा थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि उन्होंने अपनी बेटी सुधा की शादी वर्ष 2005 में उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के गांव जनौली किशनपुर निवासी मुकेश से की थी। दंपती के छह बच्चे हैं। शादी के बाद दोनों फरीदाबाद आकर मजदूरी करने लगे। 13 दिसंबर 2019 को सुधा और मुकेश रोज की तरह काम पर गए थे, लेकिन शाम को मुकेश अकेला घर लौट आया। बच्चों के पूछने पर उसने बताया कि सुधा मायके गई है। अगले दिन मायके में फोन करने पर पता चला कि सुधा वहां नहीं पहुंची थी, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस जांच के दौरान मुकेश को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने कबूल किया कि उसे पत्नी के चरित्र पर शक था। उसने सुधा को काम के बहाने गुरुग्राम नहर के किनारे ले जाकर उस्तरे से गला रेत दिया और चुन्नी से गला घोंट दिया। महिला को मृत समझकर वह फरार हो गया।

मुकेश की निशानदेही पर पुलिस ने उस्तरा और खून से सना गमछा बरामद किया, लेकिन सुधा का शव नहीं मिला। नहर में भी तलाश की गई, मगर कोई सुराग हाथ नहीं लगा। इसके बाद मुकेश को हत्या के आरोप में जेल भेज दिया गया।

करीब छह साल बाद विक्रमचंद नामक व्यक्ति थाने पहुंचा और बताया कि उसे नहर किनारे एक महिला गंभीर हालत में मिली थी, जिसे उसने अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने जांच की तो महिला की पहचान सुधा के रूप में हुई।

इसके बाद पुलिस ने केस से हत्या की धारा हटाकर हत्या के प्रयास की धारा जोड़ दी। फोरेंसिक जांच में उस्तरे और गमछे पर मिला खून सुधा के खून से मेल खा गया, जिससे आरोपी के खिलाफ सबूत मजबूत हो गए। अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई और जुर्माना लगाकर रिहा करने का आदेश दिया।

# कोहरे के कारण दो सड़क हादसों में दो लोगों की मौत



धुंध में सड़क पर गुजरते वाहन। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | हिसार

हरियाणा में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। कोहरे की वजह से दृश्यता कम रही, जिससे सड़क यातायात प्रभावित हुआ। हिसार और रेवाड़ी में घने कोहरे के चलते हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक पुलिसकर्मी सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ी इलाकों में जारी बर्फबारी और वातावरण में बढ़ी नमी के कारण अगले एक सप्ताह तक सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

भिवानी में न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि अधिकांश जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 17 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। मौसम विज्ञानी डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी के चलते उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं चल रही हैं।

# फुसगढ़ गांव में बदमाशों ने चलाईं गोलियां

समर न्यूज़ | करनाल



पुलिस घर की जांच करती हुई। - समर न्यूज़

करनाल जिले के फुसगढ़ गांव में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अज्ञात बदमाशों ने एक ब्यूटी पार्लर और उससे सटे मकान पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज सुनकर गांव के लोग नींद से जाग गए और पूरा इलाका दहशत में आ गया। बदमाशों ने करीब चार से पांच राउंड फायर किए और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन गांव में भय का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बदमाश पहले ब्यूटी पार्लर के सामने रुके और बिना किसी चेतावनी के फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने मकान की दीवारों की ओर भी गोलियां चलाईं। घटना के समय घर में महिलाएं मौजूद थीं, जो गोलियों की आवाज सुनकर घबरा गईं और काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकल सकीं।

जिस मकान को निशाना बनाया गया, वह बलकार लाठर का बताया जा रहा है, जो करीब तीन साल पहले डंकी रूट के जरिए अमेरिका गया था। जानकारी के अनुसार विदेश जाने में उसने 40 से 50 लाख रुपये खर्च किए थे और फिलहाल वहां ड्राइवर का काम कर रहा है। घटना के वक्त घर में उसकी मां राजपती और पत्नी सीमा मौजूद थीं। मकान के निचले हिस्से में ब्यूटी पार्लर किराये पर चल रहा है। परिवार और ग्रामीणों का कहना है कि बलकार या उसके परिवार की किसी से कोई पुरानी रंजिश नहीं है और अब तक किसी तरह की फिरौती की मांग भी सामने नहीं आई है। ऐसे में इस अचानक हुई फायरिंग ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और खाली कारतूस बरामद किए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# ट्रेडिंग के नाम पर रिटायर्ड कर्नल से 2.5 करोड़ की ठगी

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

फॉरेक्स ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का झांसा देकर एक सेवानिवृत्त कर्नल से करीब ढाई करोड़ रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी परिचित ने खुद को एक कंपनी का डायरेक्टर बताकर निवेश के लिए प्रेरित किया और बड़ी रकम हड़पकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-29 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चकरपुर स्थित डीएलएफ फेज-2 निवासी सेवानिवृत्त कर्नल विमल नारंग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके परिचित सागर राज ने कुछ समय पहले उनसे संपर्क किया था। आरोपी ने फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश करने पर कम समय में तीन गुना मुनाफा मिलने का दावा किया। साथ ही उसने कई निवेशकों को हुए फायदे के स्क्रीनशॉट दिखाकर भरोसा जीतने की कोशिश की।

पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने बार-बार यह भरोसा दिलाया कि पैसा सुरक्षित रहेगा और तय समय पर मुनाफे सहित वापस मिल जाएगा। उसकी बातों में आकर कर्नल ने अलग-अलग किश्तों में ऑनलाइन माध्यम से पैसे ट्रांसफर कर दिए।

कर्नल ने बताया कि हाल ही में उन्होंने एक फ्लैट बेचकर करीब डेढ़ करोड़ रुपये प्राप्त किए थे, जिसे भी आरोपी के कहने पर निवेश कर दिया गया। इस तरह कुल मिलाकर उन्होंने करीब 2.5 करोड़ रुपये फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर आरोपी को दे दिए। जब कर्नल ने निवेश पर मुनाफा मिलने के बाद रकम निकालने की कोशिश की तो उन्हें कोई भुगतान नहीं मिला। इसके बाद आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया और संपर्क पूरी तरह खत्म कर दिया।

## गुरुग्राम में मानसून से पहले बड़ी राहत

# 90 करोड़ की ड्रेन से रुकेगा जलभराव

समर न्यूज़ | गुरुग्राम



निर्माणाधिन ड्रेन। - समर न्यूज़

गुरुग्राम में हर साल मानसून के दौरान दिल्ली-जयपुर हाईवे और नए गुरुग्राम के कई सेक्टरों में जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले लेती है। खासकर अरावली की पहाड़ियों से तेज बहाव के साथ आने वाला बरसाती पानी वाटिका चौक, एसपीआर रोड और आसपास के रिहायशी सेक्टरों को डुबो देता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (GMDA) द्वारा 5.5 किलोमीटर लंबी नई ड्रेन का निर्माण कराया जा रहा है।

अधिकारियों के अनुसार इस ड्रेन का करीब 68 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और इसे 30 जून तक पूरी तरह तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि आगामी मानसून में शहरवासियों को राहत मिल सके। यह ड्रेन वाटिका चौक से शुरू होकर एसपीआर रोड के साथ-साथ दिल्ली-जयपुर हाईवे तक जाएगी और इसे बादशाहपुर ड्रेन (लेग-3) से जोड़ा जाएगा।

बताया जा रहा है कि इस परियोजना पर लगभग 90 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। ड्रेन के चालू होने के बाद अरावली क्षेत्र से आने वाला बरसाती पानी नियंत्रित तरीके से मास्टर ड्रेनेज सिस्टम में पहुंच सकेगा। इससे हाईवे के नरसिंहपुर इलाके में पानी का दबाव कम होगा और ओवरफ्लो जैसी स्थिति से बचा जा सकेगा।

पिछले मानसून में गुरुग्राम में 159 स्थानों पर जलभराव दर्ज किया गया था। इनमें से 100 से ज्यादा इलाके निचले क्षेत्र होने के कारण ज्यादा प्रभावित हुए। विशेषज्ञों का मानना है कि शहर में जलभराव का मुख्य कारण अधूरा ड्रेनेज नेटवर्क, मास्टर ड्रेन की कम क्षमता और समय पर सफाई न होना है।

# हरियाणा इनोवेशन मिशन गठित, सीएम को कमान

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा में औद्योगिक नवाचार और नए उद्यमियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहली बार हरियाणा इनोवेशन मिशन का गठन किया जा रहा है। इस मिशन की कमान स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संभालेंगे। मिशन के जरिए जहां प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी, वहीं युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी सृजित होंगे।

भविष्य विभाग के अधीन गठित यह मिशन स्टेट इनोवेशन सोसाइटी के माध्यम से कार्य करेगा। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में नवाचार और उद्यमिता की मजबूत संस्कृति विकसित करना है। भविष्य विभाग के प्रशासनिक सचिव को सोसाइटी का मुख्य समन्वयक एवं पदेन सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है, जबकि विभाग के निदेशक को मिशन निदेशक (पदेन) बनाया गया है। मुख्यमंत्री की संस्तुति पर मिशन में देश के प्रख्यात उद्योगपति और प्रौद्योगिकी एवं आईटी, विनिर्माण व इंजीनियरिंग, कृषि और कृषि-प्रौद्योगिकी से जुड़े विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही आईआईटी, एनआईटी जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों, नवाचार संस्थानों, अनुसंधान केंद्रों, इनक्यूबेटर और एक्सीलरेटर, तथा राज्य व राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्टता केंद्रों के प्रतिनिधि भी विशेषज्ञ सलाहकार के रूप में भूमिका निभाएंगे। उद्योग की जरूरतों और उभरते क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए नवाचार एवं उद्यमिता के लिए उच्चस्तरीय रणनीति विकसित की जाएगी। सरकारी एजेंसियों, उद्योग, शिक्षण संस्थानों, और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के बीच समन्वय स्थापित करना भी मिशन की जिम्मेदारी होगी।

# हरियाणा में फेसलेस रजिस्ट्रेशन सिस्टम लागू होगा

समर न्यूज़ | पंचकूला

हरियाणा में पेपरलेस प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के बाद अब सरकार फेसलेस प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन सिस्टम लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस नई व्यवस्था का पायलट प्रोजेक्ट मार्च के अंत तक फरीदाबाद में शुरू किया जाएगा, जिसमें नागरिकों को रजिस्ट्रेशन के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। फरीदाबाद, जो राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल का विधानसभा क्षेत्र है, को इस पायलट के लिए चुना गया है। यदि यह प्रयोग सफल रहा तो फेसलेस रजिस्ट्रेशन प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। मंत्री विपुल गोयल के निर्देश पर शहरी निकाय, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं।

# राष्ट्रीय सुरक्षा राहुल के एजेंडे में नहीं: गुर्जर

समर न्यूज़ | फरीदाबाद



मंत्री कृष्णपाल गुर्जर जानकारी देते हुए। - समर न्यूज़

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के एजेंडे में राष्ट्रीय सुरक्षा कभी प्राथमिकता नहीं रही। गुर्जर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश के अंदर हो या विदेश में, हमेशा भारतीय सेना को कटघरे में खड़ा करने का काम करते हैं और इससे सेना का मनोबल टूटता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लगातार चुनावी हार के कारण राहुल गांधी मानसिक संतुलन खो चुके हैं और उन्हें यह समझ नहीं आता कि क्या बोलना चाहिए और क्या नहीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी बार-बार देश के खिलाफ और दुश्मन देशों के पक्ष में बयान देते रहते हैं।

टैरिफ के मुद्दे पर बोलते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने राहुल गांधी के बयान को गलत ठहराया। उन्होंने कहा कि जब अमेरिका ने टैरिफ लगाया था तो इसकी घोषणा अमेरिका ने की थी और अगर टैरिफ हटाया जाएगा तो इसकी घोषणा भी अमेरिका ही करेगा, भारत नहीं। उन्होंने कहा कि किसी देश द्वारा टैक्स बढ़ाने या घटाने की घोषणा वही देश करता है, दूसरा देश नहीं।

गुर्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बचाव करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कभी किसी दबाव में काम नहीं करते और उनके लिए देश का हित सर्वोपरि है। उन्होंने दावा किया कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती। प्रधानमंत्री मोदी हमेशा भारत के हितों को लेकर स्पष्ट रहते हैं और जरूरत पड़ने पर आंखों में आंख डालकर बात करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ में भारत पर सबसे कम असर पड़ा है और यह आसपास के देशों की तुलना में कम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे।

## उचाना चुनाव विवाद

# सुप्रीम कोर्ट ने देवेंद्र अत्री की याचिका खारिज की

समर न्यूज़ | जींद

उचाना विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे विवाद में भाजपा विधायक देवेंद्र अत्री को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने देवेंद्र अत्री द्वारा दायर स्पेशल लीव पिटीशन (SLP) को खारिज कर दिया है। इसके बाद अब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनाव याचिका पर सुनवाई जारी रहेगी और मामला आगे बढ़ेगा।

उचाना विधानसभा चुनाव में वोटों की गिनती को लेकर अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह ने चुनाव परिणाम पर सवाल उठाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की थी। याचिका में दावा किया गया कि मतगणना प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई, जिससे चुनाव परिणाम प्रभावित हो सकता है।

भाजपा विधायक देवेंद्र अत्री ने हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई को रुकवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने मांग की थी कि हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगाई जाए और चुनाव याचिका को खारिज किया जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने उनकी दलीलों को स्वीकार नहीं किया और याचिका को खारिज कर दिया। अदालत के इस फैसले के बाद अब यह स्पष्ट हो गया है कि उचाना चुनाव विवाद से जुड़ा मामला हाईकोर्ट में ही सुना जाएगा। कानूनी जानकारों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद हाईकोर्ट में सुनवाई तेज हो सकती है।

# हिसार निगम पर सीएम फ्लाइंग ने की रेड

समर न्यूज़ | हिसार




हिसार नगर निगम। - समर न्यूज़

हिसार नगर निगम में उस समय हड़कंप मच गया, जब सीएम फ्लाइंग की टीम ने अचानक निगम कार्यालय में छापा मारकर जांच शुरू कर दी। टीम की इस कार्रवाई से निगम अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि नगर निगम के कुछ अधिकारियों पर लंबे समय से भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोप लग रहे थे, जिनकी शिकायतें लगातार प्रशासन तक पहुंच रही थीं।

सूत्रों के मुताबिक, सीएम फ्लाइंग को नगर निगम में निर्माण कार्यों की स्वीकृति, बिल पास करने की प्रक्रिया, टेंडर से जुड़े कार्यों और अन्य प्रशासनिक मामलों में गड़बड़ियों की जानकारी मिल रही थी। आरोप था कि कुछ मामलों में नियमों को ताक पर रखकर भुगतान किए जा रहे हैं और फाइलों में अनियमितताएं की जा रही हैं। इसी के आधार पर टीम ने औचक निरीक्षण कर रिकॉर्ड की जांच करने का फैसला लिया।

छापेमारी के दौरान सीएम फ्लाइंग की टीम ने निगम कार्यालय के विभिन्न विभागों में पहुंचकर फाइलें, दस्तावेज और भुगतान से संबंधित रिकॉर्ड खंगाले। टीम ने कई फाइलों की गहन जांच की और संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही पूछताछ भी की। जांच के दौरान कुछ मामलों में दस्तावेजों में गड़बड़ी की आशंका जताई गई है।

सूत्रों की मानें तो कार्रवाई के दौरान कुछ महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को जब्त किए जाने की भी चर्चा है, हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। टीम ने जिन मामलों की जांच की, उनमें निर्माण कार्यों के बिल, भुगतान की प्रक्रिया और कार्यादेश जारी करने से जुड़े दस्तावेज प्रमुख रूप से शामिल बताए जा रहे हैं। अचानक हुई इस कार्रवाई के चलते निगम कार्यालय में कामकाज प्रभावित हुआ और कर्मचारी भी सहमे नजर आए। वहीं, नगर निगम प्रशासन में इस छापेमारी के बाद जवाबदेही को लेकर दबाव बढ़ गया है।

# गुरुग्राम में दो साइबर समेत छह नए थाने खुलेंगे

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

बढ़ती आबादी और अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए गुरुग्राम पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित सी-लेवल कमेटी की बैठक में जिले में दो नए साइबर थानों सहित कुल छह नए पुलिस थाने खोलने का निर्णय लिया गया।

पुलिस विभाग की ओर से बताया गया कि पूर्व और पश्चिम जोन में एक-एक अतिरिक्त साइबर थाना स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर-93, सेक्टर-46, ग्वाल पहाड़ी और हेलीमंडी क्षेत्र में भी नए पुलिस थाने खोलने के प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजे गए हैं। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इन थानों के शुरू होने से अपराध नियंत्रण के साथ-साथ जांच प्रक्रिया में भी तेजी आएगी।

बदलाव

## अब प्रदेश में लगेंगे स्मार्ट मीटर: अनिल विज

# जल्द ही बदले जाएंगे पुराने बिजली मीटर

समर न्यूज़ | हिसार




परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज। - समर न्यूज़

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा है कि प्रदेशभर में चरणबद्ध तरीके से सभी पुराने बिजली मीटर बदले जाएंगे और उनकी जगह आधुनिक स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर प्रणाली के लागू होने के बाद उपभोक्ताओं को प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों विकल्प मिलेंगे, ताकि लोग अपनी सुविधा के अनुसार बिजली भुगतान प्रणाली चुन सकें।

अनिल विज ने कहा कि इस नई व्यवस्था से बिजली आपूर्ति और बिलिंग सिस्टम में पारदर्शिता बढ़ेगी। साथ ही उपभोक्ताओं को समय पर सही जानकारी और बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था काफी हद तक संतोषजनक रही है और केवल छह अधीक्षण अभियंताओं से ही स्पष्टीकरण मांगा गया है। मंत्री ने बताया कि गुरुग्राम और फरीदाबाद में भूमिगत बिजली तारें बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। परिस्थितियों के अनुसार अन्य क्षेत्रों में भी अंडरग्राउंड केबलिंग की जाएगी, जिससे खंभे गिरने या तार टूटने जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी और बिजली सप्लाई अधिक सुरक्षित व भरोसेमंद बनेगी।

अनिल विज ने यह भी जानकारी दी कि हिसार के खेदड़ में बिजली की नई यूनिट स्थापित की जाएगी। इसके लिए सरकार को कोल आवंटन की मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि किसी भी थर्मल यूनिट के लिए कोयले की मंजूरी जरूरी होती है और अब मंजूरी मिलने के बाद इस परियोजना को आगे बढ़ाया जा सकेगा। बरसात के मौसम में सब-स्टेशनों में पानी भरने की समस्या पर मंत्री ने कहा कि जहां-जहां जलभराव होता है, वहां के सब-स्टेशनों को ऊंचा उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इससे बारिश के दिनों में बिजली कटौती की समस्या से बचा जा सकेगा। परिवहन विभाग को लेकर अनिल विज ने बताया कि हरियाणा रोडवेज के आधुनिकीकरण की दिशा में काम तेजी से किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए बसों में ट्रैकिंग सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जिससे बसों की आवाजाही की सटीक जानकारी यात्रियों को मिल सकेगी। इसके साथ ही ऐप के माध्यम से भी यात्रियों को बसों की लोकेशन और समय की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

राजनीतिक सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनावों में भाजपा एक बार फिर बड़ी जीत दर्ज करेगी। वहीं प्रदेशाध्यक्ष के चयन को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में निर्णय पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करेगा।

# कीरतपुर-नंगल फोर लेन सड़क को मिली मंजूरी, हिमाचल जाने वालों को बड़ी राहत

समर न्यूज़ | शिमला

चंडीगढ़ से हिमाचल प्रदेश के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों की ओर सफर करने वाले लोगों के लिए कीरतपुर से नंगल के बीच सड़क को फोरलेन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण से संबंधित नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके तहत अधिग्रहित की जाने वाली जमीन के खसरा नंबर भी सार्वजनिक कर दिए गए हैं। अब संबंधित लोग NHAI के कार्यालय में जाकर परियोजना से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस सड़क के फोर लेन होने से न सिर्फ यात्रियों का सफर सुगम और तेज होगा, बल्कि सड़क हादसों में भी उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। मौजूदा समय में यह मार्ग संकरा और खतरनाक माना जाता है, जहां रोजाना दुर्घटनाएं होती हैं।



कीरतपुर-नंगल जाने वाली रोड। - समर न्यूज

खासकर आनंदपुर साहिब से नंगल तक का हिस्सा लंबे समय से हादसों के लिए कुख्यात रहा है।

पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि इस सड़क को फोर लेन करने की मांग काफी समय से उठ रही थी। उन्होंने कहा कि यह मार्ग कई प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ता है, जिनमें तख्त श्री केसगढ़ साहिब, श्री कीरतपुर साहिब, माता नैना देवी, माता चिंतपूर्णी और माता ज्वाला जी शामिल हैं। यही नहीं, यह सड़क आगे चलकर धर्मशाला तक जाती है, जिससे श्रद्धालुओं के साथ-साथ पर्यटकों को भी बड़ा लाभ होगा।

नोटिफिकेशन के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-503 (NH-503) पर रूपनगर जिले में 44.7 किलोमीटर से लेकर 61.7 किलोमीटर तक के हिस्से को फोर लेन किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि सरकार की कोशिश रहेगी कि इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

इस परियोजना की शुरुआत की पृष्ठभूमि की बात करें तो जुलाई 2022 में सड़क का सर्वे कराया गया था। इसके बाद सड़क की खराब और खतरनाक स्थिति से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय और NHAI को अवगत कराया गया। वर्ष 2023 में परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार की गई, जिसके बाद सभी जरूरी तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृतियां प्राप्त हुईं। अब जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही निर्माण कार्य भी शुरू होगा और आने वाले समय में यह मार्ग सुरक्षित, चौड़ा और आधुनिक स्वरूप में यात्रियों को सुविधा देगा।

## चेतना चौक का सार्वजनिक शौचालय बना बदहाली की मिसाल, आमजन परेशान

सुभाष | बिलासपुर
समर न्यूज़

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर किए जा रहे दावों की पोल एक बार फिर खुल गई है। शहर के व्यस्त क्षेत्रों में शामिल चेतना चौक के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय की हालत बद से बदतर हो चुकी है। रोजाना सैकड़ों लोग इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधा के रूप में बना यह शौचालय अब राहत के बजाय परेशानी का कारण बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार लंबे समय से यहां नियमित सफाई नहीं हो रही है। पानी की आपूर्ति ठप रहने से गंदगी जमा है और चारों ओर तेज दुर्गंध फैली हुई है। हालात ऐसे हैं कि लोग मजबूरी में भी इसका उपयोग करने से बच रहे हैं। चेतना चौक के दुकानदारों का कहना है कि बदबू के कारण ग्राहक रुकने से कतराते हैं, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद सुधार नहीं हुआ। नगर परिषद की लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं और समाधान की मांग है।

# नियमों के खिलाफ कार की मॉडिफाई

## पुलिस ने कार चालक का एक लाख का चालान काटा

अरविन्द | हमीरपुर
समर न्यूज़

हमीरपुर जिला में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर एक ऑल्टो कार चालक का विभिन्न धाराओं के तहत एक लाख का चालान कटा है। नियमों के विपरीत कार के टायर को मॉडिफाई करने के सहित अन्य उलंघन पर यह कार्रवाई की गई है। कार के टायरों को मॉडिफाई किया गया था तथा इसके अधिकृत ढांचे से भी काफी छेड़छाड़ की गई थी।

पुलिस ने जब इस गाड़ी को रोका तो नियमों का उल्लंघन पाया गया और भारी भरकम चालान काटा है।

पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल सदर थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने गांधी चौक पर एक कार को रोका। जांच में पाया गया कि वाहन चालक ने नियमों के विपरीत अपनी गाड़ी के टायरों समेत कुछ अन्य अवैध मोडिफिकेशन करवाई थी। इन सभी बदलावों में मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन पाया गया।



चालान काटती हुई पुलिस। - समर न्यूज

एसपी हमीरपुर ने कहा पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्यवाही एसपी बलवीर सिंह ने बताया कि आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर कार का क्रिएट 1 लाख का चालान काटा गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि लोगों को ऐसे वाहनों से खतरा पैदा ना हो।

# पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान चिट्टे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

सुभाष | बिलासपुर
समर न्यूज़

थाना सदर पुलिस ने वैटनरी चौक पर नाकाबंदी के दौरान नशा तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई की। अन्वेषण अधिकारी रविन्द्र चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने कार को रोककर जांच की। कार की तलाशी के दौरान एक लिफाफा बरामद हुआ, जिसमें चिट्टा पाया गया। वजन जांचने पर इसकी मात्रा 3.1 ग्राम पाई गई।

आरोपी की पहचान शरीफ मोहम्मद उर्फ नीटू (38) निवासी गांव अपर खैरियां, डाकघर बामटा, तहसील सदर, जिला बिलासपुर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से नशा तस्करी के नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि चिट्टा कहां से लाया गया था और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। इस मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने कहा कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चला रही है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज को इस बुराई से मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। पुलिस ने यह भी चेतावनी दी है कि नशा तस्करी करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे और ऐसे अपराधों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में सुरक्षा और नशा विरोधी अभियानों के प्रति विश्वास बढ़ा है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की लगातार जांच और नाकाबंदी से नशे की आपूर्ति रोकने में मदद मिलेगी और समाज को सुरक्षित बनाने में योगदान मिलेगा।

# बारहसिंगा का अवैध शिकार, रेस्क्यू के बाद भी नहीं बची जान

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़

मंडी जिला की सीमा से सटे बालीचौकी और बंजार क्षेत्र में दुर्लभ वन्य जीव मादा बारहसिंगा के अवैध शिकार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शिकारियों से अपनी जान बचाने के प्रयास में यह मादा बारहसिंगा तीर्थन नदी में कूद गई। ग्रामीणों की तत्परता और साहस से इसका रेस्क्यू तो कर लिया गया, लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण उपचार के दौरान बीती रात इसकी मौत हो गई।

घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है, जब बालीचौकी क्षेत्र में स्थानीय ग्रामीणों ने एक मादा बारहसिंगा को नदी के किनारे घबराई हुई अवस्था में भागते हुए देखा। ग्रामीणों के अनुसार, यह बारहसिंगा किसी खतरे से बचने के लिए इधर-उधर दौड़ रही थी और अंततः तीर्थन



मृतक बारहसिंगा। - समर न्यूज

नदी में कूद गई। आशंका जताई जा रही है कि यह शिकारियों के निशाने पर थी।स्थानीय लोगों ने बिना देर किए पशुपालन विभाग और वन विभाग बंजार को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से मादा बारहसिंगा का रेस्क्यू किया गया। पशुपालन विभाग के मंगलौर पंचायत में तैनात कर्मचारी भूपेंद्र शर्मा ने जान जोखिम में डालते हुए नदी में छलांग लगाई और घायल बारहसिंगा को बाहर निकाला। इसके बाद उसे वन विभाग की टीम के हवाले किया गया और उपचार के लिए भेजा गया।हालांकि, गंभीर चोटों के कारण मादा बारहसिंगा की हालत लगातार बिगड़ती गई और बीती रात उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस दुर्लभ प्रजाति के वन्य जीव की मौत से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। बताया जा रहा है कि इस मादा बारहसिंगा के साथ उसके नन्हे हिरन भी मौजूद थे, लेकिन उनका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। इससे उनकी सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। वहीं, सोशल मीडिया पर इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें अवैध शिकार की आशंका और गहरी हो गई है।जानकारी के अनुसार यह दुर्लभ प्रजाति का बारहसिंघा करीब दो माह पहले थाची क्षेत्र के आसपास देखा गया था, जो धीरे-धीरे लगभग दस किलोमीटर का सफर तय करते हुए भूराह क्षेत्र तक पहुंच गया। अपुष्ट सूचनाओं में इसके शरीर पर चार छर्रे लगने की बात भी सामने आ रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। वन मंडल बंजार के डीएफओ मनोज कुमार ने बताया कि मादा बारहसिंगा का पोस्टमार्टम आज करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शरीर पर चोटों के निशान जरूर पाए गए हैं, लेकिन छर्रे लगने की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिलासपुर में बढ़ी ठंड, जनजीवन और यातायात हुआ प्रभावित



हाथ सेकते हुए लोग। - समर न्यूज

सुभाष | बिलासपुर
समर न्यूज़

जिले में पिछले कई दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। घने कोहरे और धुंध के कारण ठंड में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। सुबह के समय हालात सबसे अधिक खराब रहते हैं, जब पूरे जिले में कोहरे की मोटी चादर छा जाती है। इससे दृश्यता बेहद कम हो जाती है और दिन की शुरुआत ठिठुरन के साथ होती है। धूप भी सीमित समय के लिए ही नजर आ रही है। मौसम का असर आम जनजीवन पर साफ दिखाई दे रहा है। कामकाजी लोग, स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। बाजारों में सुबह की रौनक कम है। कोहरे का सबसे ज्यादा प्रभाव सड़क यातायात पर पड़ा है। वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### प्रदेश की आर्थिक बदहाली के लिए कांग्रेस की नीतियां जिम्मेदारः सांदीपनि भारद्वाज

# आरडीजी फंड के दुरुपयोग से विकास पर करोड़ों का घाटा

समर न्यूज़ | शिमला

प्रदेश में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सांदीपनि भारद्वाज ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) को लेकर दिए गए बयान पर कड़ा पलटवार किया है। भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री केंद्र को दोष देने की कोशिश कर जनता को गुमराह कर रहे हैं, जबकि राज्य की वित्तीय बदहाली का कारण कांग्रेस सरकार की भ्रष्ट और निकम्मी नीतियां हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने केंद्र से हिमाचल को भेजे गए हजारों करोड़ रुपये के फंड का दुरुपयोग किया। केंद्रीय योजनाओं के लिए आए पैसों को विकास कार्यों पर खर्च करने के बजाय अफसरशाही पर दबाव डालकर झूठे यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट बनवाए गए और धन को कर्मचारियों की सैलरी, सरकारी खर्च और राजनीतिक स्वार्थों में लगाया गया।



जानकारी देते हुए सांदीपनि भारद्वाज। - समर न्यूज

उन्होंने कहा कि रेलवे, स्वास्थ्य, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए मिले फंड का भी कांग्रेस ने सही उपयोग नहीं किया।

भारद्वाज ने यह भी कहा कि कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार इस हद तक बढ़ गया है कि सरकारी निर्माण कार्यों के टेंडर पहले 30 करोड़ रुपये में शुरू होते थे, जो अब बढ़कर 100 से 150 करोड़ रुपये तक पहुंच गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती दी कि यदि सरकार ईमानदार है तो केंद्र से मिले फंड का श्वेत पत्र जारी किया जाए, जिसमें वास्तविक खर्च और विकास कार्यों का विवरण हो। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा केंद्र से फंड लेकर उसे भ्रष्टाचार और राजनीतिक लाभ में खर्च करना है, जिससे प्रदेश की जनता त्रस्त है। प्रदेश प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि भाजपा सड़क से लेकर सदन तक कांग्रेस के भ्रष्टाचार और फंड दुरुपयोग के खिलाफ संघर्ष करेगी।

# रणवीर ठाकुर ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

समर न्यूज़ | सिरमौर

जिला के हरिपुरधार महल क्षेत्र की ग्राम पंचायत भलाड़ भलोना की वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो गई। शिरपुर क्रिकेट क्लब मलाड द्वारा आयोजित इस वार्षिक प्रतियोगिता का उद्घाटन सिरमौर जिला भाजपा महामंत्री रणवीर ठाकुर ने किया। इस अवसर पर रणबीर ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और क्रीडा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने का अवसर प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि आज समाज में युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आ रही है और इस प्रकार की ग्रामीण खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को नशे की चपेट से बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं बहुत महत्वपूर्ण साबित होती है और इन्हीं ग्रामीण प्रतियोगिताओं से गांव में छिपे खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। इस अवसर पर जिला भाजपा महासचिव रणवीर ठाकुर के साथ सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता सर्व मेलाराम शर्मा और प्रताप रावत, सतपाल तोमर बलबीर तोमर और संतराम शर्मा भी उपस्थित थे। क्रिकेट प्रतियोगिता के पहला मैच क्यारी गुण्डाह और डिमाईना टीमों के बीच खेला गया जिसमें डिमाईना टीम क्यारी गुण्डाह की टीम 6 विकेट से हार कर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। शिरगुल स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब, भलाड़ के प्रधान दीपराम ठाकुर, महासचिव मोहनलाल ठाकुर, कुशल ठाकुर, प्रताप ठाकुर, बलवीर ठाकुर, चेतराम ठाकुर और मोहर सिंह ठाकुर आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

# पंचायत चुनावों पर सरकार की मंशा उजागरः जयराम

अरविन्द | हमीरपुर
समर न्यूज़

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पंचायत चुनावों को लेकर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के मुद्दे पर सरकार की असल मंशा अब पूरी तरह उजागर हो चुकी है। यदि सरकार को समय पर चुनाव नहीं करवाने थे और हाईकोर्ट के आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती ही देनी थी, तो फिर चुनाव की तैयारियों का दिखावा क्यों किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री एक ओर न्यायालय के फैसले पर अवांछनीय टिप्पणी करते रहे और दूसरी ओर निर्वाचन सूची के प्रकाशन से जुड़े निर्देशों की खबरें प्रकाशित करवाई जाती रहीं। जयराम ठाकुर ने कहा कि जब भाजपा लगातार सरकार द्वारा चुनाव में की जा रही देरी पर सवाल उठा रही थी, तब मुख्यमंत्री और उनके मंत्री बार-बार यह दावा कर रहे थे कि पंचायत चुनाव



समय पर होंगे। उन्होंने पूछा कि आखिर सरकार और उसके मुखिया किस हद तक जनता को गुमराह करेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी गिरती लोकप्रियता से डरकर पहले ही यह तय कर चुकी थी कि पंचायत चुनाव नहीं करवाए जाएंगे। इसी कारण राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की बार-बार अवहेलना की गई और आयोग द्वारा भेजे गए पत्रों पर न तो कोई कार्रवाई की गई और न ही संतोषजनक जवाब दिया गया। उन्होंने सरकार को पूर्णतया दिशाहीन और किंकर्तव्यविमूढ़ करार दिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि पूरे देश में लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस सरकार खुद लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां उड़ा रही है और महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों को कुचल रही है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार पंचायत चुनावों को इतनी हल्के में क्यों ले रही है। एक तरफ सरकार केंद्र द्वारा सहयोग न मिलने का रोना रोती है, वहीं दूसरी ओर केंद्र से मिल रहे सहयोग को प्राप्त करने के रास्ते खुद बंद कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि निर्वाचित स्थानीय निकाय नहीं होंगे तो गांवों और शहरों का विकास कैसे होगा और केंद्र की सैकड़ों योजनाएं जमीन पर कैसे उतरेंगी। नेता प्रतिपक्ष ने चेतावनी दी कि यदि सरकार पंचायत चुनावों को छह महीने या उससे अधिक समय तक टालती रही, तो प्रदेश को केंद्र से मिलने वाली योजनाओं की राशि नहीं मिलेगी या देर से मिलेगी। 16वें वित्त आयोग के तहत शहरी और ग्रामीण निकायों के लिए प्रस्तावित लगभग आठ लाख करोड़ रुपये की राशि का लाभ भी बिना निर्वाचित प्रतिनिधियों के नहीं मिल पाएगा।

आयोजन

### रोड सेफ्टी आधारित शॉर्ट फिल्मों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

# सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए फिल्म महोत्सव शुरू

बिलासपुर | सुभाष
समर न्यूज़

सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक माह तक चले व्यापक सड़क सुरक्षा अभियान के बाद अब परिवहन निदेशालय शिमला द्वारा सड़क सुरक्षा फिल्म महोत्सव-2026 का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए निदेशालय ने रोड सेफ्टी आधारित शॉर्ट फिल्मों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शॉर्ट फिल्म की अधिकतम अवधि पांच मिनट निर्धारित की गई है और विषय पूरी तरह सड़क सुरक्षा पर आधारित होगा। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के बच्चे, युवा तथा 40 वर्ष तक के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।

आवेदन की अवधि 1 फरवरी से 15 फरवरी तक निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी अपनी शॉर्ट फिल्म सरकार की



जानकारी देते हुए आयोजक। - समर न्यूज़

आधिकारिक वेबसाइट ओर ईमेल पर अपलोड कर सकते हैं। प्रतियोगिता में चयनित श्रेष्ठ फिल्म को राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न श्रेणियों में 20 अन्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे। वहीं 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के चयनित प्रतिभागियों को पांच-पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) राजेश कौशल ने बताया कि विभाग समय-समय पर सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाता रहता है, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं में 8 से 10 प्रतिशत तक कमी आई है और आने वाले समय में इसे शून्य स्तर पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने लोगों, विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे इस फिल्म महोत्सव में भाग लेकर सड़क सुरक्षा का संदेश रचनात्मक तरीके से समाज तक पहुंचाएं।

# पीएचसी सदवां में डॉक्टर व फार्मासिस्ट के पद खाली

## बीएमओ नूरपुर डॉ. दिलवर सिंह ने जल्द नियुक्ति का दिया आश्वासन

संजीव | नूरपुर
समर न्यूज़

नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) सदवां में डॉक्टर और फार्मासिस्ट अधिकारी के पद लंबे समय से रिक्त पड़े होने से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। स्टाफ की कमी के चलते ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच और उपचार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिविल अस्पताल नूरपुर के बाद पीएचसी सदवां आसपास की कई पंचायतों के लिए एक प्रमुख और सुविधाजनक स्वास्थ्य केंद्र है, लेकिन यहां डॉक्टर और फार्मासिस्ट अधिकारी की अनुपस्थिति में मरीजों को कई बार बिना इलाज के ही लौटना पड़ता है। इससे खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को अधिक दिक्कतें हो रही हैं। क्षेत्रवासियों ने



बीएमओ जानकारी देती हुई। - समर न्यूज़

स्वास्थ्य विभाग और सरकार से जल्द रिक्त पद भरने की मांग की है। इस संबंध में बीएमओ नूरपुर डॉ. दिलवर सिंह ने बताया कि पीएचसी सदवां में तैनात डॉक्टर का पीजी में चयन हो जाने के कारण उन्होंने करीब 20–25 दिन पहले मेडिकल कॉलेज जॉइन कर लिया है। वहीं, फार्मासिस्ट अधिकारी का प्रमोशन होने के चलते उनका तबादला हो गया, जिससे दोनों पद रिक्त हो गए हैं। डॉ. दिलवर सिंह ने कहा कि फिलहाल व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिदिन दो फार्मासिस्टों की तैनाती की गई है और एक डॉक्टर की ड्यूटी लगाने के भी आदेश जारी कर दिए गए हैं। नेशनल हेल्थ प्रोग्राम के तहत मरीजों की जांच और अन्य सेवाएं नियमित रूप से दी जा रही हैं, ताकि लोगों को असुविधा न हो। ओपीडी को लेकर फैल रही अफवाहों पर उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रतिदिन 70–80 नहीं, बल्कि औसतन 25–30 मरीज ही ओपीडी में आ रहे हैं। गर्भवती महिलाओं की जांच कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) द्वारा गांव-गांव जाकर की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को सिविल अस्पताल नूरपुर रेफर किया जाता है।

## महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने माता चिंतपूर्णी में टेका माथा

विकास | चिंतपूर्णी
समर न्यूज़

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान और स्टार बल्लेबाज़ हरमनप्रीत कौर ने माता श्री चिंतपूर्णी के पावन दरबार में श्रद्धा के साथ हाजिरी भरी। उन्होंने सादगी के साथ मां के चरणों में माथा टेककर देश और टीम की सफलता की कामना की। मंदिर में पुजारी राजेश कालिया ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। यह यात्रा निजी रखने के बावजूद श्रद्धालुओं ने उन्हें पहचान लिया और तस्वीरें खिंचवाईं। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में हरमनप्रीत ने कहा कि वर्ल्ड कप ट्रॉफी उठाना उनके जीवन का सबसे यादगार पल रहा है। उन्होंने युवा लड़कियों को मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### ऑटो यूनियन ने यात्रियों और ड्राइवरों की सुरक्षा पर उठाए सवाल, घटना के बाद ड्राइवर के खाते में ट्रांसफर हुए 400 रुपये

# विदेशी महिला पर टैक्सी ड्राइवर से बदतमीजी और गाड़ी छीनने की कोशिश का आरोप, सोशल मीडिया पर वीडियो हुई वायरल

समर न्यूज़ | मोहाली

टैक्सी ड्राइवर और एक विदेशी महिला के बीच किराए को लेकर हुए विवाद का मामला सामने आया है। यह घटना मंगलवार सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है, जब मोहाली के सेक्टर-82 से जीरकपुर के लिए एक टैक्सी बुक की गई थी। टैक्सी ड्राइवर की पहचान राजू बराड़ के रूप में हुई है जो रैपिडो ऐप के जरिए टैक्सी चलाता है।



वीडियो बनाती हुई महिला। - समर न्यूज़

ड्राइवर राजू के मुताबिक, जब वह सेक्टर-82 पहुंचा तो वहां एक विदेशी महिला खड़ी थी, जो उसी सवारी के लिए बैठी। महिला को लेकर वह जीरकपुर की ओर रवाना हुआ। जैसे ही टैक्सी पटियाला रोड पर पहुंची, महिला ने कहा कि उसे यहीं उतरना है। इस पर ड्राइवर ने तय किराया मांगा, जो करीब 340 रुपये था।

ड्राइवर का आरोप है कि महिला ने किराया देने से इनकार करते हुए कहा कि उसके पास पैसे नहीं हैं। महिला ने यह भी दावा किया कि उसका फोन खराब है और जिसने कैब बुक की है, वही भुगतान करेगा। इस दौरान दोनों के बीच बहस शुरू हो गई और महिला कथित तौर पर ड्राइवर से बदतमीजी करने लगी। विवाद बढ़ने पर ड्राइवर ने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इसके बाद महिला ने कहा कि पास की एक दुकान पर जाकर वह पैसे डलवा देगी। जब दोनों वहां पहुंचे तो दुकान बंद मिली। आरोप है कि इसके बाद महिला टैक्सी की ड्राइविंग सीट पर बैठ गई और गाड़ी चलाने की कोशिश करने लगी, हालांकि ड्राइवर पहले ही चाबी निकाल चुका था। इसके बाद महिला मौके से पैदल ही भाग गई। ड्राइवर ने पूरे मामले की शिकायत 112 नंबर पर पुलिस को दी। घटना से जुड़े दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पहले 24 सेकेंड के वीडियो में महिला और ड्राइवर के बीच बहस होती नजर आती है और महिला ड्राइवर का फोन छीनने की कोशिश करती दिखती है। दूसरे 44 सेकंड के वीडियो में ड्राइवर यह आरोप लगाता दिख रहा है कि महिला उसकी गाड़ी छीनने और नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही है। राजू बराड़ ने बताया कि घटना के करीब दो घंटे बाद उसके गूगल-पे अकाउंट में 400 एक अनजान नंबर से ट्रांसफर हुए, जिसमें नाम हेमराज लिखा था, लेकिन मोबाइल नंबर दिखाई नहीं दिया। ड्राइवर को शक है कि वीडियो वायरल होने के बाद किसी जानकार ने यह रकम भेजी होगी। इस मामले को लेकर ऑटो यूनियन अध्यक्ष अनिल कुमार ने चिंता जताई है।

### एसएसपी दफ्तर के बाहर हुए गुरविंदर सिंह हत्याकांड का खुलासा

# पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

समर न्यूज़ | मोहाली

28 जनवरी को एसएसपी दफ्तर के बाहर हुए गुरविंदर सिंह हत्याकांड को मोहाली पुलिस ने सुलझा लेने का दावा किया है। पुलिस ने इस मामले में शूटरों को मदद देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के करीबी बताए जा रहे हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बलतेज सिंह उर्फ बंटी, निवासी फरीदकोट और मंगल सिंह उर्फ मैक्स, निवासी जलालाबाद जिला फाजिल्का के रूप में हुई है। हालांकि, हत्या को अंजाम देने वाले मुख्य शूटर अभी फरार हैं, जिनकी पहचान पुलिस कर चुकी है।

मोहाली के एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस हत्या का मास्टरमाइंड गैंगस्टर गोल्डी बराड़ है। उसे वारदात की पल-पल की जानकारी थी। जांच में यह भी सामने आया है कि गोल्डी बराड़ ने इस मर्डर की जिम्मेदारी ली है। एसएसपी ने बताया कि हत्या को विक्की संटेवाला और रवि फरीदकोटिया ने अंजाम दिया है। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए कई टीमों का गठन किया और शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में दो अज्ञात युवक काले रंग की बजाज पल्सर बाइक पर जाते हुए नजर आए। आगे की जांच में सामने आया कि रास्ते में आरोपियों को एक सफेद रंग की कार मिली, जिसमें वे सवार हो गए। इसी दौरान उन्होंने अपने कपड़े भी बदल लिए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दोनों वाहनों की पहचान की और उनके मालिकों तक पहुंच बनाई।

#### कार और बाइक मुहैया कराने वाले गिरफ्तार

जांच के दौरान गिरफ्तार किए गए बलतेज सिंह उर्फ बंटी ने खुलासा किया कि वह यूपी नंबर की होंडा अमेज कार चला रहा था, जिसमें शूटर फरार हुए थे। उसकी निशानदेही पर कार को बरामद कर लिया गया। आगे की जांच में यह भी सामने आया कि मंगल सिंह उर्फ मैक्स ने आरोपियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट दिया था। उसी ने वारदात में इस्तेमाल की गई कार और बजाज पल्सर बाइक दोनों की व्यवस्था की थी। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बाइक और कार को कब्जे में ले लिया है। मुख्य शूटरों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# स्वास्थ्य मंत्री ने की मुख्यमंत्री सेहत योजना की समीक्षा

समर न्यूज़ | मोहाली

पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने मोहाली के डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में मुख्यमंत्री सेहत योजना की चल रही पंजीकरण प्रक्रिया की समीक्षा की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह प्रमुख, नागरिक-केंद्रित योजना भगवंत सिंह मान सरकार की एक और बड़ी उपलब्धि है, जिसका उद्देश्य पंजाब के निवासियों को संपूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत 900 से अधिक सरकारी और निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है तथा लगभग 2,300 उपचार पैकेज शामिल किए गए हैं, जो इसे देश की सबसे व्यापक और विशिष्ट स्वास्थ्य योजनाओं में से एक बनाता है।



मंत्री अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। - समर न्यूज़

डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि योजना के तहत भर्ती से लेकर उपचार से संबंधित सभी प्रक्रियाएं (सर्जरी सहित), प्रयोगशाला जांच और दवाइयाँ बिना किसी पूर्व शर्त के कवर की जाती हैं।

मोहाली की डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने स्वास्थ्य मंत्री को पंजीकरण अभियान की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि जिले भर में इस समय 190 पंजीकरण केंद्र कार्यरत हैं। इनमें 163 विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर वीएलसी/सी एस सी केंद्र और 27 विशेष शिविर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अधिकतम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इन 27 विशेष शिविरों के स्थान आवश्यकता अनुसार बदले जा रहे हैं। पंजीकरण प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि पंजीकरण की गति और तेज की जाए, ताकि 10 लाख रुपये की कैशलेस मुख्यमंत्री सेहत योजना का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक और परिवार तक पहुंच सके। डॉ. बलबीर सिंह ने अधिकारियों को सतर्क करते हुए कहा कि कुछ धोखाधड़ी करने वाले लोग पंजीकरण टीमों के नाम पर भोले-भाले लोगों से पैसे वसूल रहे हैं।

उन्होंने निर्देश दिए कि यदि जिले में इस तरह का कोई मामला सामने आता है तो ऐसे तत्वों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। इस समीक्षा बैठक में एडीसी (विकास) सोनम चौधरी, सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन, सीएमएफओ गुरमीत सिंह सोही, डिप्टी मेडिकल कमिश्नर डॉ. अमनदीप कौर तथा जिला योजना समिति की चेयरपर्सन, इंजीनियर प्रभजोत कौर भी उपस्थित थीं।

### सीसीटीवी फुटेज सौंपने के बावजूद पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

# मार्केट में चोरी, 3 महीने बाद भी दर्ज नहीं हुई एफआईआर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

सेक्टर-19 मार्केट में खरीदारी के दौरान एक क्रिकेट कोच की पत्नी के पर्स से करीब 5 तोले के सोने के गहने और 4 हजार रुपये नकद चोरी होने के मामले में पुलिस की कथित लापरवाही सामने आई है। पीड़ित पिछले तीन महीनों से थाने के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक न तो एफआईआर दर्ज हुई है और न ही किसी कार्रवाई की जानकारी दी गई है।

मनीमाजरा निवासी क्रिकेट कोच किशोर सिंह ने बताया कि 14 अक्टूबर 2025 को वह अपनी पत्नी और दो वर्षीय बच्चे के साथ सेक्टर-19 मार्केट में खरीदारी के लिए गए थे। उनकी पत्नी के हैंडबैग में रखे एक छोटे पाउच में चार सोने की अंगूठियां और एक सोने का मंगलसूत्र था, जिनका कुल वजन करीब 5 तोले बताया गया है। भीड़ का फायदा उठाकर दो अज्ञात महिलाओं ने पर्स से ज्वेलरी पाउच चोरी कर लिया। चोरी का पता उन्हें अगले दिन चला।

पीड़ित के अनुसार, उन्होंने खुद मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में दो संदिग्ध महिलाएं पहले एक अन्य महिला का पर्स काटती नजर आईं और बाद में वही महिलाएं किशोर सिंह की पत्नी का पीछा करते हुए उसके बैग को निशाना बनाती दिखाई दीं। किशोर सिंह का दावा है कि ये महिलाएं उसी दिन बाजार में एक और चोरी की वारदात में भी शामिल थीं, जिसकी शिकायत किसी अन्य व्यक्ति ने सेक्टर-19 थाने में दर्ज कराई थी।

**पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप**


किशोर सिंह ने बताया कि उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की क्लिप्स के साथ लिखित शिकायत सेक्टर-19 थाना पुलिस को सौंपी थी, लेकिन तीन महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही किसी प्रकार की जांच शुरू होने की सूचना दी गई। पीड़ित का कहना है कि वह लगातार पुलिस से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। पीड़ित ने मामले में उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि चोरी के आरोपियों की पहचान कर उचित कार्रवाई की जा सके।

## ट्रैफिक पुलिस व एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने बांटे हेलमेट

समर न्यूज़ | पंचकूला

ट्रैफिक पुलिस और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान शहर के प्रमुख गीता चौक पर आयोजित किया गया, जहां दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट के पाए गए चालकों को एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के सहयोग से 100 से अधिक निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए। सिटी ट्रैफिक थाना प्रभारी एसएचओ वरिंदर कुमार ने कहा कि हेलमेट जीवन सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।

# 7 दिवसीय सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अधिकारी। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | मोहाली

भारत सरकार की हिदायतों तथा स्पेशल डीजीपी पंजाब होम गार्ड्स एवं डायरेक्टर सिविल डिफेंस पंजाब संदीप कपूर के दिशा-निर्देशों के तहत मोहाली में सिविल डिफेंस कम्युनिटी बिल्डिंग प्रोग्राम की शुरुआत की गई है। यह 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 फरवरी से 10 फरवरी 2026 तक रत्न इंस्टीट्यूट में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन डिप्टी कमिश्नर मोहाली सह कंट्रोलर सिविल डिफेंस मोहाली कोमल मित्तल के कुशल नेतृत्व में अतिरिक्त कंट्रोलर सिविल डिफेंस मोहाली सह जिला कमांडर पंजाब होम गार्ड्स रूपनगर गुरिंदर पाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में रत्न इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों सहित कुल 360 आम नागरिकों ने भाग लिया। इस 7 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिविल डिफेंस की बुनियादी ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमें फर्स्ट एड, सर्च एंड रेस्क्यू, फायर फाइटिंग के साथ-साथ प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से निपटने की प्राथमिक जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है।

अतिरिक्त कंट्रोलर सिविल डिफेंस मोहाली गुरिंदर पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई आम नागरिक सिविल डिफेंस की यह ट्रेनिंग लेना चाहता है, तो उसके लिए दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड होना अनिवार्य है और आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

इस अवसर पर रत्न इंस्टीट्यूट के चेयरमैन सुंदर लाल, सिविल डिफेंस मोहाली इंचार्ज इंस्पेक्टर नारायण शर्मा, इंस्पेक्टर सुदर्शन सिंह अटवाल, हवलदार इंस्पेक्टर विजय कुमार, हवलदार इंस्पेक्टर प्रेम नारायण सहित सिविल डिफेंस का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आम नागरिकों को आपात स्थितियों में जागरूक और सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# आयुक्त विनय कुमार ने किया कंप्लेंट सेंटर का निरीक्षण

### लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

समर न्यूज़ | पंचकूला

नगर निगम पंचकूला के आयुक्त विनय कुमार ने नागरिक सुविधाओं एवं प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम के शिकायत केंद्र (कंप्लेंट सेंटर) तथा सेक्टर-12ए स्थित क्षेत्रीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने शिकायत केंद्र की कार्यप्रणाली, शिकायतों के पंजीकरण एवं निवारण की प्रक्रिया, स्टाफ की उपलब्धता, नागरिकों को दी जा रही सहायता तथा डिजिटल/ऑनलाइन शिकायत व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों से संवाद कर शिकायतों के त्वरित समाधान, निर्धारित समय-सीमा के पालन एवं नागरिक संतुष्टि स्तर पर चर्चा की।

इसके पश्चात आयुक्त ने सेक्टर-12ए कार्यालय का निरीक्षण करते हुए प्रशासनिक कार्यों, स्टाफ व्यवस्था, दस्तावेजीकरण प्रणाली, नागरिक सेवाओं के वितरण तथा कार्यालय की समग्र स्वच्छता एवं रखरखाव का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शिकायत निवारण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आवश्यक होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को तत्काल दूर किया जाए, नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा भविष्य में ऐसी किसी भी कमी की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी समस्या या शिकायत के लिए नगर निगम के शिकायत केंद्र, हेल्पलाइन नंबर 9696494949 (व्हाट्सएप एवं कॉलिंग) अथवा आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से संपर्क करें।

# गुरुद्वारा अंब साहिब की 44 मरले जमीन गलत तरीके से बेचे जाने का मामला, मैनेजर सस्पेंड

समर न्यूज़ | मोहाली

फेज-8 स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा अंब साहिब की सैनी माजरा में स्थित 44 मरले जमीन को कथित तौर पर गलत तरीके से बेचे जाने का गंभीर मामला सामने आया है।

मामले के सामने आने के बाद गुरुद्वारा अंब साहिब के मैनेजर राजिंदर सिंह टोहड़ा को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने जमीन की रजिस्ट्री और इंतकाल रद्द करवाने के लिए मोहाली के एसडीएम और तहसीलदार से संपर्क किया है।

साथ ही पूरे प्रकरण की जांच के लिए एक विशेष कमेटी गठित की गई है। एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि जिस भी व्यक्ति की भूमिका इस मामले में सामने आएगी, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।



एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में कल आया, जिसके बाद तुरंत जांच शुरू करवाई गई।

जांच के दौरान गुरुद्वारा मैनेजर राजिंदर सिंह टोहड़ा ने जमीन बेचने की बात स्वीकार कर ली है। उन्होंने यह भी कबूल किया कि एसजीपीसी की ओर से जारी की गई चिट्ठी उन्होंने स्वयं तैयार की थी।

बताया जा रहा है कि यह जमीन चार लोगों को बेची गई थी। बिक्री से प्राप्त राशि एसजीपीसी के खाते में जमा नहीं करवाई गई, जबकि आरोपी मैनेजर ने करीब एक करोड़ 32 लाख रुपये अपने निजी खाते में जमा करवा लिए। इस मामले को लेकर गांव सैनी माजरा के निवासी सतविंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, सुखवीर सिंह और रणधीर सिंह ने एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी, शिरोमणि अकाली दल के मोहाली हलके के प्रभारी परविंदर सिंह सोहाना और एसजीपीसी सदस्य अधिवक्ता परमजीत कौर लांडरां को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज करवाई थी।

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जमीन की बिक्री को लेकर न तो कोई सार्वजनिक विज्ञापन दिया गया और न ही खुली नीलामी करवाई गई। उनका कहना है कि यदि नीलामी होती तो यह जमीन 15 से 20 करोड़ रुपये में बिक सकती थी।

उन्होंने इसे बिना किसी समिति की भागीदारी के संभव न मानते हुए उच्च स्तरीय जांच और रजिस्ट्री को तुरंत रद्द करने की मांग की है।

मामला सामने आने के बाद एसजीपीसी की फ्लाइंग टीम मोहाली पहुंची और पूरे प्रकरण की प्रारंभिक जांच की। एसजीपीसी का कहना है कि जांच अभी जारी है और सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल की जा रही है।


**आयोजन** टेक्स्ट, टेक्नोलॉजीज एंड डिजिटल ह्यूमैनिटीज विषय पर हुआ अकादमिक मंथन

# सेक्टर-1 कॉलेज में हुआ राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

समर न्यूज़ | पंचकूला

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-1 के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा टेक्स्ट, टेक्नोलॉजीज एंड डिजिटल ह्यूमैनिटीज रेडिफाइनिंग लिटरेरी इमैजिनेशन इन दी एज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। यह सेमिनार उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा प्रायोजित था जिसमें देश-प्रदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या एवं संरक्षक डॉ. शैलजा छाबड़ा ने की। अपने स्वागत उद्बोधन में उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल तकनीक ने साहित्यिक कल्पना को नए आयाम दिए हैं। ऐसे अकादमिक आयोजन पारंपरिक साहित्य और आधुनिक तकनीक के बीच सेतु का कार्य करते हैं तथा विद्यार्थियों को समकालीन वैश्विक विमर्श से जोड़ते हैं। सेमिनार का उद्घाटन डॉ. किरण कंबोज, सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक, उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा, के औपचारिक उद्घाटन संबोधन से हुआ। उन्होंने उच्च शिक्षा में डिजिटल ह्यूमैनिटीज़ की बढ़ती प्रासंगिकता और उसकी संभावनाओं पर प्रकाश डाला।



सेमिनार के दौरान शिक्षक। - समर न्यूज़

मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दीप्ति धर्माणी, कुलपति, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी, वर्चुअल माध्यम से जुड़ीं। उन्होंने मानवतावाद से उत्तर-मानवतावाद की ओर हो रहे वैचारिक परिवर्तन को रेखांकित करते हुए कहा कि एआई साहित्यिक सृजन को चुनौती नहीं, बल्कि नई दिशा प्रदान कर रहा है। मुख्य वक्ता प्रो. अक्षय कुमार, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़, ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से कविता रचना का सजीव प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने रचनात्मकता, संवेदना और एल्गोरिद्मिक कला की अवधारणा पर गहन विमर्श को जन्म दिया, जिसे श्रोताओं ने अत्यंत सराहा। तकनीकी सत्र में प्रो. पंकज शर्मा, अध्यक्ष, अंग्रेज़ी विभाग, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा, ने डिजिटल टूल्स के माध्यम से साहित्यिक आलोचना, शिक्षण और शोध में हो रहे परिवर्तनों की सशक्त रूपरेखा प्रस्तुत की। सेमिनार में हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों से विद्वानों ने भाग लिया। राज्य के प्रतिनिधियों ने प्रत्यक्ष रूप से सहभागिता की, जबकि अन्य राज्यों के शिक्षाविद हाइब्रिड मंच के माध्यम से जुड़े। समापन सत्र की अध्यक्षता नीरज शर्मा, संयुक्त निदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा, ने की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक डॉ. अनीता हुड्डा, सह-संयोजक डॉ. करुणेश एवं प्रो. सीमा रानी के नेतृत्व में आयोजन समिति की भूमिका सराहनीय रही।

www.summerexpress.in
समर एक्सप्रेस
इन सभी क्षेत्रों में समर एक्सप्रेस अखबार को स्टिंगर की जरूरत है।
• लालड़ू • मोरनी • कुराली
• खरड़ • बरवाला • मुल्लांपुर
• पिंजौर • बनूड़ • मटौर
• कालका • रायपुररानी
SEND YOUR RESUME TO
infosummerexpress@gmail.com
Whats App:- 79866-30191

# यूनान के चियोस द्वीप में शरणार्थियों की नाव और तटरक्षक जहाज की टक्कर

## 14 लोगों की मौत, बड़े पैमाने पर राहत-बचाव मुहिम जारी

एजेंसी । एथेंस



यूनान के चियोस द्वीप के पास शरणार्थियों को ले जा रही एक छोटी नाव और ग्रीक कोस्ट गार्ड के गश्ती जहाज के बीच हुई टक्कर में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। तटरक्षक बल ने मंगलवार देर रात इसकी पुष्टि की। हादसे के बाद लापता लोगों का पता लगाने के लिए व्यापक खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें गश्ती नौकाएं, हेलीकॉप्टर और गोताखोरों को तैनात किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, दुर्घटना के बाद करीब 11 बच्चों समेत 25 अन्य शरणार्थियों को सुरक्षित निकालकर चियोस द्वीप के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, इस घटना में घायल हुए तटरक्षक बल के दो अधिकारियों को भी इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। कोस्ट गार्ड के अनुसार अब तक 14 शव बरामद किए गए हैं, जिनमें 11 पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कि दुर्घटनाग्रस्त नाव में कुल कितने लोग सवार थे। लापता यात्रियों की तलाश के लिए चार गश्ती जहाज, वायुसेना का एक हेलीकॉप्टर और विशेष गोताखोर दल अभियान में जुटे हैं। टक्कर के कारणों को लेकर अभी जांच जारी है और मृतकों या अन्य यात्रियों की पहचान के बारे में फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

यूनान के सरकारी अस्पताल कर्मियों के संघ के प्रमुख मिक्लिस जियानाकोस ने बताया कि चियोस अस्पताल में घायलों की अचानक बड़ी संख्या में आमद के कारण पूरे चिकित्सा स्टाफ को अलर्ट पर रखा गया है। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया, अफ्रीका और एशिया के कई देशों में संघर्ष और गरीबी से बचने वाले लोग अक्सर यूरोपीय संघ तक पहुंचने के लिए यूनान का रास्ता अपनाते हैं, जहां समुद्री मार्गों पर ऐसे हादसे बार-बार सामने आते रहते हैं।

# एमसीसी ने बदले क्रिकेट के 9 बड़े नियम

## आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 से पहले खेल में होंगे अहम बदलाव

एजेंसी । नई दिल्ली



आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले क्रिकेट के नियमों में बड़े बदलाव सामने आए हैं। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने 3 फरवरी को खेल से जुड़े 9 अहम नए नियमों की जानकारी दी है, जिनका सीधा असर मैच की रणनीति, खिलाड़ियों के प्रदर्शन और अंपायरिंग पर पड़ेगा। ये नियम आधिकारिक तौर पर 1 अक्टूबर 2026 से लागू होंगे, हालांकि इनमें से कुछ बदलावों को आईसीसी पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना चुका है।

जूनियर और महिला क्रिकेट में बदली गेंद की साइज अब महिला और जूनियर क्रिकेट में खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग साइज और वजन की गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा। एमसीसी के अनुसार, गेंद अब साइज 1, साइज 2 और साइज 3 में उपलब्ध होगी। साइज 1 गेंद पुरुष क्रिकेट के लिए रहेगी, जबकि बाकी साइज महिलाओं और बच्चों के लिए होंगी। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि छोटे हाथों के लिए मौजूदा गेंदें पूरी तरह अनुकूल नहीं थीं। लैमिनेटेड बल्लों को मिली मंजूरी बढ़ती लागत को देखते हुए MCC ने ओपन एज क्रिकेट में लैमिनेटेड बल्लों के इस्तेमाल की अनुमति दे दी है।

इन बल्लों में लकड़ी के तीन टुकड़ों का उपयोग किया जा सकता है। परीक्षण के दौरान यह साफ हुआ कि इन बल्लों से प्रदर्शन में कोई अतिरिक्त फायदा नहीं मिलता। हालांकि इंटरनेशनल और टॉप-लेवल क्रिकेट में अब भी एक ही लकड़ी से बने बल्ले ही मान्य रहेंगे। आखिरी ओवर में विकेट गिरने पर भी जारी रहेगा खेल अब मल्टी-डे क्रिकेट में दिन के आखिरी ओवर के दौरान विकेट गिरने पर खेल रोका नहीं जाएगा। उस ओवर की बची हुई सभी गेंदें फेंकी जाएंगी, उसके बाद ही दिन का खेल समाप्त होगा। इससे गेंदबाजी टीम को पूरा मौका मिलेगा और खेल ज्यादा निष्पक्ष माना जाएगा।

जानबूझकर अधूरा रन लेने पर सख्ती अगर बल्लेबाज जानबूझकर अधूरा रन लेते हैं, तो अब फील्डिंग टीम यह तय कर सकेगी कि अगली गेंद पर कौन बल्लेबाज स्ट्राइक पर रहेगा। इस नियम का मकसद बल्लेबाजों को अनुचित फायदा लेने से रोकना है। बाउंड्री लाइन पर कैच लेने का नियम बदला बाउंड्री के पास कैच लेते समय अब फील्डर को सिर्फ एक मौका मिलेगा। वह गेंद को बार-बार हवा में उछालकर बाउंड्री के बाहर से अंदर नहीं ला सकेगा। फील्डर को या तो खुद कैच लेना होगा या एक ही बार में अपने साथी की ओर गेंद को धकेलना होगा। ओवरथ्रो की नई परिभाषा अगर थ्रो के बाद गेंद बिना किसी फील्डर के प्रयास के आगे निकल जाती है, तो उसे ओवरथ्रो माना जाएगा।

लेकिन यदि फील्डर गेंद को रोकने की कोशिश करता है और फिर भी वह आगे जाती है, तो उसे मिसफील्ड माना जाएगा। गेंद के 'सैटल' होने के नियम में बदलाव अब गेंद का विकेटकीपर या गेंदबाज के हाथ में जाना जरूरी नहीं होगा। अगर कोई फील्डर स्थिर अवस्था में गेंद को कंट्रोल करता है, तो अंपायर उसे डेड बॉल या सैटल गेंद मान सकते हैं। विकेटकीपर की पोजिशन पर बड़ा फैसला अगर गेंदबाज रन-अप में है और उस समय विकेटकीपर के दस्ताने स्टंप्स के आगे हैं, तो गेंद नो-बॉल नहीं होगी। हालांकि गेंद फेंके जाने के समय कीपर का स्टंप्स के पीछे होना जरूरी रहेगा।

# ग्रीस में प्रवासियों की नाव दुर्घटनाग्रस्त, 14 की मौत

## लापता लोगों की तलाश जारी



एजेंसी । ग्रीस

ग्रीस के पूर्वी हिस्से में स्थित एजियन सागर में एक हादसे में कम से कम 14 प्रवासियों की मौत हो गई है। यह दुर्घटना चियोस द्वीप के पास उस समय हुई, जब तुर्की तट की ओर से आ रही एक छोटी नाव की टक्कर ग्रीक कोस्ट गार्ड के गश्ती जहाज से हो गई।

कोस्ट गार्ड अधिकारियों के अनुसार, उन्होंने चियोस की ओर बढ़ रही एक संदिग्ध नाव को देखा और उसे वापस लौटने का निर्देश दिया था। अधिकारियों का दावा है कि मानव तस्करों ने जानबूझकर नाव को उनके जहाज की दिशा में मोड़ दिया, जिससे दोनों के बीच भीषण टक्कर हो गई। हालांकि, स्वतंत्र रूप से अब तक यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि दुर्घटना का वास्तविक कारण क्या था।

अब तक 14 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई अन्य प्रवासियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। हादसे में कोस्ट गार्ड के दो अधिकारी भी घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नाव में सवार लोगों की राष्ट्रीयता फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

# ऑस्ट्रेलिया में 13 वर्षीय बच्चे ने दिखाई बहादुरी

## समुद्र में फंसे परिवार की बचाई जान, ऑस्टिन 4 किलोमीटर तक तैरकर समुद्र किनारे पहुंचा

एजेंसी । मेलबर्न



ऑस्ट्रेलिया से सामने आई एक दिल छू लेने वाली घटना ने हर किसी को हैरान कर दिया है। 13 वर्षीय ऑस्टिन एप्पलबी ने अद्भुत साहस और हिम्मत दिखाते हुए अपनी मां, बहन और भाई की जान बचा ली। तेज लहरों में बहते परिवार को बचाने के लिए ऑस्टिन करीब चार किलोमीटर तक तैरकर समुद्र किनारे पहुंचा और मदद के लिए अलार्म बजाया। जानकारी के अनुसार, पर्थ निवासी एप्पलबी परिवार छुट्टियां मनाने के लिए पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के समुद्री इलाके में गया हुआ था। शुक्रवार दोपहर मां जोआन एप्पलबी अपने तीन बच्चों—ऑस्टिन (13), ब्यू (12) और ग्रेस (8)—के साथ कयाकिंग और पैडल बोर्डिंग कर रही थीं। इसी दौरान अचानक तेज हवाओं और ऊंची लहरों के कारण वे सभी समुद्र के भीतर बह गए।

हालात बिगड़ते देख जोआन ने ऑस्टिन को तट तक पहुंचकर मदद लाने को कहा।

उसने पहले हवा भरी कयाक से जाने की कोशिश की, लेकिन उसमें पानी भरने लगा। इसके बाद ऑस्टिन ने अपनी लाइफ जैकेट उतारी और तेज लहरों के बीच तैरते हुए करीब चार किलोमीटर का सफर तय किया। उसने बताया कि लहरें बेहद ऊंची थीं और वह सिर्फ किनारे तक पहुंचने पर ही ध्यान लगाए हुए था। शाम करीब छह बजे सूचना मिलने के बाद बचाव अभियान शुरू हुआ। रात 8:30 बजे एक हेलीकॉप्टर ने मां और दो बच्चों को तट से लगभग 14 किलोमीटर दूर समुद्र में खोज निकाला। वे करीब दस घंटे तक पानी में फंसे रहे और एक पैडल बोर्ड के सहारे खुद को संभाले रखा। पुलिस इंस्पेक्टर जेम्स ब्रैडली ने ऑस्टिन की जमकर सराहना करते हुए कहा कि उसके साहस ने पूरे परिवार की जान बचाई।

वहीं, मां जोआन ने भावुक होकर कहा कि उनके तीनों बच्चे सुरक्षित हैं और यही उनके लिए सबसे बड़ी राहत है।

# चेन्नई में शुरू हुआ प्रथम छोला शतरंज ग्रैंडमास्टर्स नॉर्म टूर्नामेंट




एजेंसी । चेन्नई

भारत में ज़्यादा से ज़्यादा ग्रैंडमास्टर बनाने के उद्देश्य से शुरू हुए प्रथम छोला शतरंज ग्रैंडमास्टर्स नॉर्म टूर्नामेंट कुल चार विदेशी ग्रैंड मास्टर और छह भारतीय इंटरनेशनल मास्टर भाग ले रहे है । दरअसल शतरंज में ग्रैंड मास्टर नर्म हासिल करने के लिए किसी भी नॉर्म टूर्नामेंट में आपका मुकाबला तीन ग्रैंड मास्टर्स से होना जरूरी है जो इस प्रतियोगिता में सभी भारतीय खिलाड़ियों को मिलेगा । वहीं इस प्रतियोगिता की औसत रेटिंग 2476 है इसका मतलब करीब छह अंक बनाने वाले खिलाड़ी को भी ग्रैंड मास्टर्स नार्म हासिल कर सकता है । प्रतियोगिता के पहले दिन पाँच मुकाबलों में औदी अमेय जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे उन्होंने फ्रांस के माहेल बॉयर को पराजित किया . अन्य मुकाबलों में फ्रांस के जोसफ गिरेल नें भारत के हर्ष सुरेश से , क्यूबा के नूरिस देलगाड़ो नें भारत के मयंक चक्रवर्ती से ,कजाकिस्तान के अलीशेर सुलेमेनोव नें भारत के आरोण्यक घोष से और भारत के एथन वाज से हमवतन अक्षय बरगोंकर से ड्रा खेला। नौ राउंड के राउंड रोबिन मुक़ाबले में हर दिन एक राउंड खेला जाएगा।

# ब्राज़ील में श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी

## 15 की मौत; महिलाओं और बच्चों सहित कई घायल

एजेंसी । ब्राज़ील



ब्राज़ील में एक सड़क हादसे में श्रद्धालुओं से भरी बस के चट्टान से टकराकर पलट जाने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 5 पुरुष, 7 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बस में करीब 30 यात्री सवार थे और सभी एक धार्मिक मेले से लौट रहे थे।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बस एक मोड़ पर नियंत्रण खो बैठी और सड़क से फिसलकर चट्टान से टकराने के बाद पलट गई। हादसे के बाद घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। बचाव दलों ने मौके पर पहुंचकर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और राहत कार्य शुरू किया।

अलागोआस राज्य के विमानन विभाग के निदेशक कर्नल आंद्रे मडेरो ने बताया कि दुर्घटना बेहद भीषण थी और कई लोग बस से बाहर गिर गए, जबकि कुछ अंदर फंसे रह गए थे।

इस हादसे पर अलागोआस के राज्यपाल पाउलो डांटास ने गहरा दुख जताया और राज्य में तीन दिन के सरकारी शोक की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि इस दुखद घड़ी में वे पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।


# हमारे खिलाड़ी प्रेशर टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं: धोनी

समर न्यूज़ । नई दिल्ली

भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम की संभावनाओं पर भरोसा जताया है। विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि टीम इंडिया के पास अनुभव, कौशल और संतुलन का सही मिश्रण है। धोनी ने इस बात पर जोर दिया कि टीम की ताकत इस बात पर निर्भर करती है कि खिलाड़ी दबाव वाली स्थितियों को कितनी अच्छी तरह से संभालते हैं और उनका रोल कितने अच्छे से तय है। खिलाड़ी हमेशा मैच के लिए तैयार रहते हैं, चाहे वह बैटिंग हो या बॉलिंग, जिससे भारत को अपने प्रतिद्वंद्वियों पर एक महत्वपूर्ण बढ़त मिलती है। धोनी ने कहा, "यह सबसे खतरनाक टीमों में से एक है। आप जानते हैं, उन्होंने (भारतीय खिलाड़ी) पहले ही बैटिंग या बॉलिंग शुरू कर दी होगी, लेकिन एक अच्छी टीम में क्या चाहिए? सब कुछ है। उनके पास अनुभव है। खासकर जब इस फॉर्मेट की बात आती है, तो अनुभव बहुत ज्यादा है। उन्होंने दबाव में खेला है। जो भी खिलाड़ी टीम में जो भी भूमिका निभा रहे हैं, वे काफी समय से उस स्थिति में रहे हैं।" हालांकि धोनी आशावादी नजर आ रहे हैं, लेकिन उनका मानना है कि ओस व्हाइट-बॉल क्रिकेट में सबसे सावधानी से बनाई गई योजनाओं को भी खराब कर सकती है। माही के मुताबिक, ओस परिस्थितियों को काफी प्रभावित कर सकती है। टॉस के फैसलों को महत्वपूर्ण बना सकती है, जिससे मैचों में संभावित रूप से अनुचित फायदे हो सकते हैं।

# कनाडा में सड़क हादसे में तीन जूनियर हॉकी खिलाड़ियों की मौत, खेल जगत में शोक


एजेंसी । वैंकूवर



कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवा जूनियर हॉकी खिलाड़ियों की मौत हो गई। मृतक खिलाड़ी अल्बर्टा की एक जूनियर हॉकी टीम से जुड़े थे और उन्हें भविष्य के उभरते सितारों के रूप में देखा जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, यह दुर्घटना उस समय हुई जब खिलाड़ी सड़क मार्ग से यात्रा कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दुर्घटना किस वजह से हुई, लेकिन तकनीकी जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर मामले की पड़ताल जारी है। इस हादसे के बाद कनाडा के हॉकी समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है। विभिन्न हॉकी संगठनों, खिलाड़ियों, कोचों और प्रशंसकों ने सोशल मीडिया और आधिकारिक बयानों के जरिए मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। वहीं, पूरे प्रांत में खिलाड़ियों की याद में श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित करने और मैचों से पहले मौन रखने की तैयारियां की जा रही हैं। खेल विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी कम उम्र में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का इस तरह जाना हॉकी जगत के लिए बड़ा नुकसान है। स्थानीय प्रशासन ने भी परिवारों को हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया है, जबकि जांच पूरी होने के बाद हादसे से जुड़े तथ्यों को सार्वजनिक किया जाएगा।

# कार्लोस अल्काराज एटीपी नंबर-1

एजेंसी । मेलबर्न



ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के बाद जारी हुई नई टेनिस रैंकिंग में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। पुरुष और महिला—दोनों वर्गों में फाइनल हार के बावजूद कुछ दिग्गज खिलाड़ियों ने अपनी मजबूत स्थिति बरकरार रखी है, जबकि कुछ सितारों ने लंबी छलांग लगाई है। ATP रैंकिंग: अल्काराज़ नंबर-1, जोकोविच की टॉप-3 में वापसी ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में कार्लोस अल्काराज़ से हारने के बावजूद 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को रैंकिंग में फायदा मिला है। जोकोविच एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय सर्बियाई दिग्गज अगस्त 2024 के बाद पहली बार टॉप-3 में लौटे हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलियन ओपन के विजेता कार्लोस अल्काराज़ ने शानदार प्रदर्शन के दम पर एटीपी नंबर-1 रैंकिंग बरकरार रखी है। दूसरे नंबर पर मौजूद यानिक सिनर को पीछे छोड़ते हुए अल्काराज़ शीर्ष पर कायम हैं। गौर है कि जोकोविच ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सिनर को हराया था। WTA रैंकिंग: फाइनल हार के बाद भी सबालेंका नंबर-1 महिला वर्ग में एरीना सबालेंका को ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में एलेना रयबाकिना से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह WTA नंबर-1 रैंकिंग पर बनी हुई हैं। रयबाकिना दो स्थान की छलांग लगाते हुए तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। अमेरिकी खिलाड़ियों का दबदबा WTA रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान तक अमेरिकी खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला है। इनमें शामिल हैं: अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ, जेसिका पेगुला।

## भारत को मिली बड़ी जिम्मेदारी

# 2027 एशियन शूटिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

समर न्यूज़ । नई दिल्ली



भारत को शूटिंग खेल में एक और बड़ी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी मिली है। एशियन शूटिंग कॉन्फेडरेशन (ASC) ने घोषणा की है कि भारत 2027 एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा, जिसमें लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 के लिए 8 कोटा स्थान दांव पर होंगे। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 1 से 10 दिसंबर 2027 तक डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI) द्वारा किया जाएगा। एशियन शूटिंग कॉन्फेडरेशन ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि इस चैंपियनशिप का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि इसमें एशिया महाद्वीप के लिए 8 ओलंपिक कोटा स्थान आवंटित किए जाएंगे। ये कोटा आमतौर पर राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (NOC) को दिए जाते हैं, जबकि ओलंपिक रैंकिंग या यूनिवर्सैलिटी कोटा खिलाड़ियों के नाम पर आवंटित होते हैं। भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए शूटिंग में अधिकतम संभव 16 कोटा (8 राइफल, 8 पिस्टल) हासिल किए थे। इतना ही नहीं, भारत ने रिकॉर्ड 21 शूटरों को ओलंपिक भेजा था, जो टोक्यो 2020 में भेजे गए 15 खिलाड़ियों से कहीं ज्यादा था। पेरिस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाजों ने तीन कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। भारत इस समय भी घरेलू धरती पर शानदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 3 ग्राम हेरोइन के साथ युवती गिरफ्तार

समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना सलीम टाबरी के अधीन गांव पीरू बंदा इलाके के पास पुलिस ने शक के आधार पर एक युवती को काबू कर उसके पास से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जांच अधिकारी जिंदर कुमार ने बताया कि तलाशी के दौरान नशा बरामद हुआ। युवती की पहचान पूजा गिल, निवासी पीरू बंदा, लुधियाना के रूप में हुई है। आरोपी युवती के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है।

### ब्यूटी पार्लर गई विवाहिता लापता

समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना दरेसी के अधीन छावनी मोहल्ला निवासी रुपिंदर सिंह ने अपनी पत्नी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी 21 वर्षीय पत्नी सुख सिमरन कौर शिवपुरी स्थित एक ब्यूटी पार्लर में मेकअप करवाने गई थी। जब वह उसे लेने पहुंचा तो पत्नी वहां मौजूद नहीं थी। काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। बाद में पता चला कि उसकी पत्नी को निजी स्वार्थ के लिए रितेश ओरी पुत्र सुरेंद्र कुमार ओरी, निवासी पंचकूला (हाल निवासी सेक्टर-32, चंडीगढ़ रोड, लुधियाना) ने अपने पास रखा हुआ है। जांच अधिकारी सुखदेव सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता के बयानों पर मामला दर्ज कर लिया गया है और कार्रवाई जारी है।

### दहेज के लिए प्रताड़ना और गर्भपात का मामला: पति-देवर गिरफ्तार

समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना बस्ती जोधेवाल के अधीन नूरवाला रोड निवासी अंजनी ने दहेज प्रताड़ना और गर्भपात कराने के गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी बीते वर्ष टिंकू तुली से हुई थी, जो अक्सर दहेज को लेकर उसके साथ मारपीट करता और मायके भेज देता था। पीड़िता के अनुसार, जब वह दो महीने की गर्भवती थी, तब आरोपियों ने उसके पेट में लात-घूंसे मारे, जिससे उसका भ्रूण गिर गया। जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर टिंकू तुली और राकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपी पिंकी और शिवानी फरार हैं। पीड़िता का सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है और पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

### धड़ा सट्टा लगवाते आरोपी काबू

समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना दरेसी के अधीन पड़ते शिवपुरी इलाके में पुलिस ने अवैध रूप से धड़ा सट्टा लगवाते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली थी कि आरोपी लोगों की खून-पसीने की कमाई से सट्टा लगवा रहा है। जांच अधिकारी हरपाल सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान संजीव कुमार, निवासी शिवपुरी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1100 नकद बरामद किए हैं। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## प्रॉपर्टी टैक्स वसूली तेज करने के निर्देश



-समर न्यूज

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कात्याल गुप्ता ने लंबित प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली में तेजी लाने के लिए सख्त रुख अपनाया है।

बुधवार को माता रानी चौक स्थित निगम जोन-ए कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्होंने वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों के लिए लक्ष्य भी तय किया गया।

बैठक में एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह, अस्सिटेंट कमिश्नर नीरज जैन, जसदेव सेखों, सुपरिंटेंडेंट विवेक वर्मा, अब्दुल सत्तार, अशोक गर्ग, सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नगर निगम का वार्षिक प्रॉपर्टी टैक्स वसूली लक्ष्य 180 करोड़ रुपये रखा गया है, जिसके मुकाबले 31 जनवरी तक 138.58 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। शेष बकाया राशि जल्द वसूलने के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

निगम कमिश्नर डॉ. गुप्ता ने शहरवासियों से समय पर प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने की अपील करते हुए कहा कि टैक्स से प्राप्त धनराशि का उपयोग शहर में बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों के लिए किया जाता है।

उन्होंने बताया कि वसूली की प्रगति पर नजर रखने के लिए अब पखवाड़े के आधार पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी।


## फायर सेफ्टी पर निगम की दोहरी नीति, नगर निगम के सभी जोनों में एक्सपायर फायर सिलेंडर

# शहर को ज्ञान, खुद की इमारत में सुरक्षा गायब

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज




ज़ोन डी




ज़ोन बी



ज़ोन ए




ज़ोन सी

-समर न्यूज

शहर की इमारतों में अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन कराने वाला नगर निगम खुद ही फायर सेफ्टी को लेकर लापरवाह नजर आ रहा है। हालात यह हैं कि नगर निगम अधिकारी जहां एक ओर निजी संस्थानों, फैक्ट्रियों और व्यावसायिक इमारतों को फायर सेफ्टी का ज्ञान दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर निगम की अपनी इमारतों में आग से निपटने की व्यवस्था ही दुरुस्त नहीं है।

नगर निगम की मुख्य इमारत सहित इसके सभी जोनों—ए, बी, सी और डी—में लगे फायर सेफ्टी सिलेंडर अवधि पार पाए गए हैं। कई जगहों पर सिलेंडर तो दीवारों पर टंगे हुए हैं, लेकिन उनकी रिफिलिंग की तारीख काफी समय पहले ही खत्म हो चुकी है। ऐसे में आग लगने की स्थिति में ये सिलेंडर किसी काम के नहीं रह जाएंगे। नगर निगम के रिकॉर्ड रूम के बाहर भी आग बुझाने के लिए सिलेंडर लगाया गया है, लेकिन उस पर दर्ज रिफिलिंग डेट एक्सपायर हो चुकी है। रिकॉर्ड रूम में महत्वपूर्ण दस्तावेज, फाइलें और शहर से जुड़े अहम रिकॉर्ड रखे होते हैं। अगर यहां आग लगने की कोई घटना होती है, तो न केवल सरकारी दस्तावेजों को भारी नुकसान पहुंच सकता है, बल्कि कर्मचारियों और आम लोगों की जान पर भी खतरा बन सकता है। सबसे चिंताजनक स्थिति जोन डी की है। यही वह जोन है जहां नगर निगम कमिश्नर का कार्यालय स्थित है। यहां रोजाना उच्च अधिकारियों की बैठकें होती हैं और शहर के विकास से जुड़े बड़े फैसले लिए जाते हैं। इसके बावजूद इस जोन में भी फायर सेफ्टी सिलेंडर एक्सपायर पाए गए हैं। यह स्थिति प्रशासन की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करती है।

गौर करने वाली बात यह भी है कि नगर निगम समय-समय पर शहर की इमारतों, स्कूलों, अस्पतालों, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और फैक्ट्रियों में फायर सेफ्टी जांच करता है।


नियमों की अनदेखी पर चालान काटे जाते हैं और नोटिस जारी किए जाते हैं। लेकिन जब बात निगम की अपनी इमारतों की आती है, तो वही नियम और सख्ती कहीं नजर नहीं आती। फायर सेफ्टी एक्सपर्ट जतिंदर ने इस स्थिति को बेहद खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि, "अगर फायर सेफ्टी सिलेंडर एक्सपायर हो चुके हों या उनमें जंग लग गई हो, तो वे अपने आप भी फट सकते हैं। आग लगने की स्थिति में ऐसे सिलेंडर काम नहीं करते, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है।" उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी दफ्तरों जैसी भीड़भाड़ वाली जगहों पर फायर सेफ्टी उपकरणों की नियमित जांच और समय पर रिफिलिंग बेहद जरूरी है।

इस पूरे मामले पर जब एडिशनल कमिश्नर से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। अधिकारियों की इस चुप्पी से नगर निगम की जवाबदेही पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अगर जिम्मेदार अधिकारी ही इस गंभीर मुद्दे पर प्रतिक्रिया देने से बचते हैं, तो सुधार की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

## ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हुए राजा

समर न्यूज | लुधियाना

लुधियाना के भाम्मिया रोड निवासी राजा ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार बने हैं। राजा ने बताया कि उन्होंने कुछ महीने पहले बैंक से 5 लाख रुपये का लोन लिया था। हाल ही में जब उन्होंने अपना CIBIL स्कोर चेक किया, तो उन्हें पता चला कि उनके नाम पर 5 लाख के साथ-साथ 5 लाख 25 हजार रुपये का और लोन भी चल रहा है। राजा ने कहा कि उन्होंने लोन दिलवाने वाले एजेंट से बात की, लेकिन एजेंट ने इसे "टेक्निकल इश्यू" बता कर मामला खत्म कर दिया। कई महीनों बाद जब राजा ने बैंक मैनेजर से संपर्क किया, तो उन्हें बताया गया कि किसी अन्य व्यक्ति की गैर-जरूरी गारंटी उनके नाम से जुड़ी हुई है।बैंक से ग्रेंटर बनने वाले व्यक्ति के दस्तावेज मांगने पर उन्हें कहा गया कि उनके आधार कार्ड के साथ दस्तावेज अटैच हैं, और बिना उस व्यक्ति की अनुमति के यह दस्तावेज साझा नहीं किए जा सकते। इस पर बैंक अधिकारी ने पीड़ित से लिखित पत्र लिया और आश्वासन दिया कि 48 घंटे के भीतर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।



## लक्ष्मी लेडिज क्लब में नई टीम को फिर मिला नेतृत्व



समर न्यूज | लुधियाना

लक्ष्मी लेडिज क्लब में प्यार का उत्सव मनाया गया जिसमें सिंगर शुभम ने अपने गीतों पर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया और बहुत ही रौनक लगाई साथ ही मेंबर्स ने तंबोला और लकी ड्रा भी जीता सबसे ऊपर जो दिलचस्प रहा, वह था नई टीम का आगमन और शायद लक्ष्मी क्लब के इतिहास में पहली बार इस टीम को दोबारा मौका दिया जा रहा है। आने वाले साल को अपने काबिलियत के साथ दोबारा कुछ कर दिखाने को यानी मैसेज अनुपमा गुप्ता जो अभी प्रेसिडेंट है 2025- 26 की वहीं दोबारा चुनी गई है। 2026 -27 के लिए और वह अपनी पूरी टीम के साथ दोबारा आ रही है। यह लक्ष्मी क्लब के इतिहास में शायद कभी नहीं हुआ की पूरी टीम बिना इलेक्शन के चुनी जाए। इस टीम ने अपनी काबिलियत दिखाई तभी उन्हें दोबारा मौका दिया जा रहा है और प्रेसिडेंट अनुपम गुप्ता ने आश्वासन दिया हैं कि जैसा पिछले साल उन्होंने कुछ अलग करके दिखाया वैसे ही आने वाले साल में भी मेंबर्स को नई-नई चीजें नए-नए प्रोग्राम देखने को मिलेंगे और उन्होंने सभी मेंबर्स को इतना प्यार और सम्मान देने के लिए दिल से धन्यवाद किया। इस मौके पर प्रेसिडेंट अनुपमा गुप्ता, सेक्रेटरी शैली गोयल, वाइस प्रेसिडेंट बीना बावा, ज्वाइंट सेक्रेटरी साक्षी जैन , खजांची नीता सुद और सभी मेंबर उपस्थित थे।

## फल मंडी मारपीट मामले में मुख्य आरोपी फरार

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज

बहादुर के रोड स्थित फ्रूट मंडी में कब्जा करने की नीयत से आए आरोपियों ने फल-सब्जी कारोबारी और उसके परिजनों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस संबंध में थाना बस्ती जोधेवाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता अजय कुमार वधवा, निवासी वैष्णो कॉलोनी काराबारा, ने बताया कि वे कई वर्षों से मंडी में कारोबार कर रहे हैं। उनके कर्मचारी नरेंद्र कुमार ने सूचना दी कि कुछ लोग गाली-गलौज कर सामान बाहर फेंक रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर आरोपियों ने अजय, उनके बेटे और भतीजे पर हमला कर दिया। मारपीट के बाद आरोपी धमकियां देते हुए कारों में फरार हो गए और अपना 'छोटा हाथी' वाहन मौके पर छोड़ गए। पुलिस ने मुख्य आरोपी गौरव सलूजा सहित 6-7 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## हंबड़ा रोड से अतिक्रमण हटाया




लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

शहर के प्रवेश द्वारों को सुंदर बनाने की दिशा में नगर निगम लुधियाना ने बुधवार को हंबड़ा रोड पर बड़ी कार्रवाई की। नगर निगम की संयुक्त टीमों ने सड़क और सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण हटाए और एक स्क्रैप डीलर पर 50 हजार का चालान ठोक दिया। चालान की राशि मौके पर ही वसूल ली गई। यह कार्रवाई मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता के निर्देशों पर की गई। अभियान में नगर निगम की तहबाजारी, हेल्थ और बिल्डिंग ब्रांच के अधिकारी शामिल रहे। जोनल कमिश्नर जसदेव सिंह सेखों ने बताया कि बुधवार को चलाए गए अभियान के दौरान कई अतिक्रमण हटाए गए। एक स्क्रैप डीलर ने सड़क और सरकारी जमीन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर रखा था, जिस पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया। अतिक्रमण को पूरी तरह से हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग ब्रांच के अधिकारियों को संबंधित जमीन मालिक से लंबित सीएलयू चार्ज भी वसूलने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, हेल्थ ब्रांच को इलाके में सफाई अभियान चलाकर कचरा और गंदगी हटाने के आदेश दिए गए हैं। जोनल कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में शहर के अन्य इलाकों में भी इसी तरह के अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाए जाएंगे। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे शहर को साफ और हरा-भरा रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

## स्कूल ऑफ एमिनेंस जल्द होगा शुरूः डीसी हिमांशु जैन

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

लुधियाना के मिलरगंज स्थित स्कूल ऑफ एमिनेंस का डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने निरीक्षण किया और बताया कि स्कूल निर्माण के अंतिम चरण में है तथा इसका उद्घाटन शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पंजाब सरकार के सबसे आधुनिक स्कूलों में से एक होगा, जहां विश्वस्तरीय शैक्षणिक और खेल सुविधाएं मिलेंगी। स्कूल में 9वीं से 12वीं तक के 323 विद्यार्थियों के लिए 21 आधुनिक कक्ष, सात विशेष प्रयोगशालाएं और सुसज्जित लाइब्रेरी बनाई गई है। टेरेस बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, योग स्थल और पार्किंग की भी मंजूरी दी गई है।

## मां बगलामुखी की उपासना से प्राप्त होती है ब्रह्मांड की हर शक्तिः दविन्द्र सूद

### 243 घंटे के महायज्ञ में देशभर के भजन गायक करेंगे मां का गुणगानः महंत प्रवीण

सुनील कुमार,| लुधियाना
समर न्यूज





मां बगलामुखी की उपासना और गुरूवर की कृपा से साधक को ब्रह्मांड की प्रत्येक शक्ति प्राप्त होती है। मां की आराधना भय, भ्रम और नकारात्मक विचारों का नाश कर जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। यह विचार श्री राम शरणम् दरेसी के प्रमुख दविन्द्र सूद ने पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में महंत प्रवीण जी के सानिध्य में आयोजित होने वाले 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का निमंत्रण स्वीकार करते हुए व्यक्त किए। महंत प्रवीण जी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह 243 घंटे का अखंड महायज्ञ 11 फरवरी से 21 फरवरी तक मां बगलामुखी धाम में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान देशभर के प्रसिद्ध भजन गायक एवं धाम के सेवक मां बगलामुखी की महिमा का गुणगान करेंगे। इसके साथ-साथ प्रतिदिन धर्म प्रचार के साथ सामाजिक सेवा का महाकुंभ भी चलेगा। महंत प्रवीण ने मां बगलामुखी को संकटमोचन बताते हुए कहा कि चाहे व्यक्ति अपने व्यक्तिगत जीवन में कठिनाइयों का सामना कर रहा हो या व्यावसायिक चुनौतियों से जूझ रहा हो, मां बगलामुखी का आशीर्वाद उन्हें बाधाओं से पार पाने की शक्ति और साहस प्रदान करता है। मां बगलामुखी धाम के मुख्य सेवादार मनप्रीत छतवाल की देखरेख में सेवक नवनजोत छतवाल, कर्ण शांडिल्या, सुनील महाजन, रमन घई, जतिन्द्र सूद, मोहित सूद, राणा रणजीत सिंह, प्रशोतम चौधरी, बौवी मक्कड, गुनीत खेड़ा, गौतम सचदेवा, दिनेश रल्ली, नरेंद्र महाजन, इकबाल सिंह, वरुण दत्त, अजय जैन, राहुल सहित अन्य सदस्यों ने पीएयू के रजिस्ट्रार रिशीपाल सिंह, समाजसेवी गुलशन टंडन, प्रतीक टंडन, अशोक, विशाल, चेतन टंडन सहित धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों और मां बगलामुखी के भक्तों को महायज्ञ का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर मुख्य सेवादार मनप्रीत छतवाल ने कहा कि मां बगलामुखी की पूजा-अर्चना से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं और भक्तों को मानसिक व आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है।

**बैठक** | कई मांगों पर फैसला, हाजिरी वेरिफिकेशन आदेशों पर कर्मचारियों का विरोध

# नगर निगम मेयर ने संघर्ष समिति संग की अहम बैठक

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

नगर निगम लुधियाना के जोन-डी कार्यालय में सोमवार को नगर निगम कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने की। इसमें म्यूनिसिपल इम्प्लाइज संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, अशोक पराशर पप्पी, नगर निगम कमिश्नर नीरू कत्याल गुप्ता, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर, एडिशनल कमिश्नर परमजीत सिंह खैहरा, जॉइंट कमिश्नर वनीत जी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

- **हाजिरी वेरिफिकेशन के आदेशों पर जताया विरोध**

बैठक में अश्वनी सहोता ने बताया कि स्वास्थ्य शाखा के डी.डी.ओ. द्वारा सफाई कर्मचारियों की तनख्वाह के लिए वार्ड काउंसलरों से हाजिरी वेरिफिकेशन कराने के आदेश जारी किए गए हैं। इससे कर्मचारियों में भारी रोष है और वेतन में देरी व शोषण की आशंका जताई जा रही है। समिति ने इन आदेशों को तुरंत रद्द करने की मांग की।

- **आउटसोर्स कर्मचारियों को डीसी रेट देने की मांग**

एस.एस. सर्विस प्रोवाइडर कंपनी के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मचारियों, ठेके पर कार्यरत 110 डाटा एंट्री ऑपरेटरों, जे.ई., एस.डी.ओ. और अन्य आउटसोर्स स्टाफ को डीसी रेट कर्मचारी घोषित करने की भी मांग रखी गई।

- **फॉगिंग मशीनें सौंपने का विरोध**

संघर्ष समिति ने नगर निगम की फॉगिंग मशीनों को ठेकेदारी कंपनी को सौंपने के फैसले का विरोध किया। समिति का कहना है कि इससे करीब 150 फॉगिंग ड्राइवर और ऑपरेटर बेरोजगार हो जाएंगे। इसलिए मशीनों को नगर निगम के अधीन ही रखने की मांग की गई।

- **नियमितीकरण का मुद्दा प्रमुख-** संघर्ष समिति ने बताया कि 18 जून 2021 से पहले कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किया जा चुका है, लेकिन इसके बाद भर्ती हुए करीब 2000 सफाई कर्मचारी और सीवरमैन अभी तक नियमित नहीं हुए हैं। इसके अलावा लंबे समय से कार्यरत 456 माली बेलदार, बेलदार और ड्राइवर भी नियमितीकरण से वंचित हैं। इन सभी को जल्द नियमित करने की मांग उठाई गई।

### डॉ. अंबेडकर भवन के प्रबंधन पर सवाल


जालंधर बाइपास चौक के पास स्थित डॉ. अंबेडकर भवन में निजी लोगों द्वारा अवैध बुकिंग किए जाने का मामला भी बैठक में उठा। इससे नगर निगम को आर्थिक नुकसान होने की बात कही गई और भवन का प्रबंधन पूरी तरह नगर निगम के अधीन करने की मांग की गई।

### मेयर ने दिया जल्द समाधान का भरोसा

मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने शेष मांगों को भी प्राथमिकता के आधार पर जल्द लागू करने का भरोसा दिलाया।

## टैक्स में कटौती पर एनआरआई ने पीएम मोदी का जताया आभार

गुरप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज



पवन बत्रा और अविनाश शर्मा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा टैक्स और टैरिफ में की गई कटौती को लेकर देश-विदेश में सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आ रही है। इसी क्रम में एनआरआई डॉ. अविनाश शर्मा ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह फैसला आम जनता और देश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि टैक्स घटने से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी, वहीं व्यापार, उद्योग और निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इस मौके पर बत्रा प्लाजा के प्रेजिडेंट पवन बत्रा ने भी सरकार के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करना एक साहसिक और दूरदर्शी कदम है। इससे व्यापारियों को राहत मिलेगी और बाजार में सकारात्मक माहौल बनेगा। पवन बत्रा ने कहा कि इस निर्णय से वस्तुओं की कीमतों में गिरावट आने की उम्मीद है, जिसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा। उन्होंने 'द समर एक्सप्रेस' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया।

## खिलाड़ियों को बांटी खेल किट

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

पंजाब सरकार राज्य को खेलों में अग्रणी बनाने के लिए बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार कर रही है। यह बात लुधियाना उत्तरी से विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने जिला व राष्ट्रीय स्तर के जूडो खिलाड़ियों को खेल किट वितरित करते हुए कही। उन्होंने पदक जीतने वाली लड़कियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। बग्गा ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित कर रही है। खेल विभाग द्वारा कोचों की भर्ती, पौष्टिक आहार और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 151